तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-253 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

जवानों ने 2 नक्सलियों को किया ढेर

बीजापुर,13दिसंबर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आज फिर नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ जारी है. यह मुठभेड़ बासागुड़ा थानाक्षेत्र के नेंड्रा जंगलों में हो रही है. सुरक्षा बल के जवानों ने सूझ-बूझ और हिम्मत से 2 नक्सलियों को मार गिराया है. पुलिस ने दोनों पुरुष माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं. वहीं मुठभेड़ अभी भी जारी है. बीजापुर के एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने इस मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि ऑपरेशन एंटी-नक्सल अभियान के तहत आज सुबह सीआरपीएफ 210 बटालियन,168 व डीआरजी की टीम एंटी नक्सल ऑपरेशन पर नेड्रा,पुन्नूर के जंगलो में निकली थी. इसी दौरान सुबह 7 बजे पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया. मुठभेड़ के बाद पुलिस की तलाशी में घटनास्थल से 2 पुरुष नक्सलियों के शव और कई हथियार बरामद हुए. जिनमें 12 बोर बंदूक, vCuntry गन, प्रिंटर, पिट्ठू बैग और नक्सल साहित्य बरामद हुए हैं.

अल्लू अर्जुन गिरफ्तार

हैदराबाद,13 दिसंबर। तेलुगू एक्टर अल्लू अर्जुन को उनकी लेटेस्ट फिल्म पुष्पा 2-द रूल के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत के मामले में हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टेलीविजन पर दिखाए गए फुटेज में अल्लू अर्जुन को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस की गाड़ी में ले जाए जाते हुए देखा गए। इस मामले में संध्या थिएटर के मालिक और मैनेजर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अल्लू अर्जुन ने इस मामले में अपने खिलाफ केस को रद्द करने के लिए तेलंगाना हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर आज ही सुनवाई होगी।

इस्तांबुल हवाई अड्डे पर इंडिगो के 400 यात्री 24 घंटे से फंसे

नईदिल्ली,13 दिसंबर। इंडिगो के साथ यात्रा कर रहे 400 यात्री उड़ान में देरी होने की वजह से पिछले 24 घंटे से तुर्की के इस्तांबुल हवाई अड्डे पर फंस हुए हैं। यात्रियों को न खाना मिला और न पानी।यात्रियों के रहने के लिए भी कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया है। उनको पूरा दिन हवाई अड्डे पर ही बितना पड़ा। यात्रियों में अधिकतर दिल्ली, मुंबई और तुर्की के लोग हैं।हवाई अड्डे पर यात्री इडिगो एयरलाइंस से काफी नाराज दिखे। 12 दिसंबर को रात 8.10 बजे रवाना होने वाली इस्तांबुल से दिल्ली की इंडिगो उड़ान को अगले दिन दोपहर 1.30 बजे तक के लिए टाल दिया गया।इसी तरह इस्तांबुल से मुंबई की उड़ान, जो 12 दिसंबर को रात 8:15 बजे रवाना होनी थी, उसे पहले रात 11 बजे तक, फिर अगली सुबह 10 बजे तक के लिए विलंबित कर दिया गया।इससे मुंबई और दिल्ली के यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। यात्रियों के लिए कोई इंतजाम नहीं था।

अयोध्या में शीतला माता मंदिर के महंत जयप्रकाश दास को उम्रक़ैद

अयोध्या,13 दिसंबर। रामनगरी अयोध्या स्थित शीतला धाम मंदिर के महंत और उनके भतीजे को शिक्षिका की हत्या के मामले में दोषी करार दिया गया है. अदालत ने दोनों को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई. प्रत्येक पर 10000 रुपये जुर्माना भी लगाया गया है. यह फैसला अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत ने गुरुवार को सुनाया. सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार ओझा ने बताया कि वारदात 20 अक्टूबर 2016 की सुबह 7.30 हुई थी. भरत कुंड मसौधा पढ़ाने जा रही शिक्षिका द्रौपदी देवी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इसकी रिपोर्ट उसकी बहन विद्या देवी ने बेगमगंज मकबरा निवासी जयप्रकाश दास के खिलाफ दर्ज करायी थी. बहन का आरोप था कि उसकी बहन का जयप्रकाश दास से मकान के संबंध में दीवानी न्यायालय में बाद लंबित है.

संविधान किसी पार्टी की देन नहीं, यह राष्ट्र बनाने का रोडमैप:राजनाथ

नई दिल्ली,13 दिसंबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में संविधान पर बहस की शुरुआत की। यह बहस संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने संविधान की सराहना करते हुए इसे देश को एकजुट, लोकतांत्रिक और आत्मनिर्भर बनाए रखने का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा तैयार संविधान सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने साफ तौर पर पर कहा कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

बिना नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को जानबूझकर नकारा गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के कार्य को 'हाईजैक' करने की कोशिश की गई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुझे गौरव की अनुभूति है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की

भावना से काम कर रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भारत के लोगों ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मैं इस सदन को और देश के सभी नागरिकों को हृदय से बधाई देता हूं। मैं कह सकता हूं कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूकर राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार, भारत के संविधान में निहित धर्म और न्याय की भावना के अनुरूप कार्य कर रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा संविधान प्रगतिशील है। समावेशी है। परिवर्तनकारी है। हमारे संविधान ने हमें एक ऐसे समाज के निर्माणका ब्लूप्रिंट दिया है, जिसमें हर प्रकार से समाज में समरसता हो, सद्भाव हो और समृद्धि हो। जहां देश के शीर्ष पद को प्राप्त करने के लिए जन्म की पहचान मायने ना रखे। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल प्रति के मुख पृष्ठ पर अजंता गुफाओं की पेंटिंग की छाप मिलती है, और अध्यक्ष महोदय, साथ ही कमल का फूल भी अंकित है। यह कमल का फूल दर्शाता है, कि सदियों की गुलामी के दलदल से बाहर आकर अब एक संप्रभु और लोकतांत्रिक गणराज्य का उदय हो चुका है।

संविधान सुरक्षा कवच है: प्रियंका

लोकसभा में अपने पहले भाषण में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने मौजूदा सरकार पर भारत के संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान बोलते हुए, प्रियंका ने जोर देकर कहा कि सरकार के कार्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि संविधान राष्ट्र की आवाज़ के रूप में कार्य करता है, इसके लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इन्हें (भाजपा) हारते-हारते जीतने से एहसास हुआ कि इस देश में संविधान बदलने की बात नहीं चलेगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि संभल के शोक संतप्त परिवारों के कुछ लोग हमसे मिलने आये थे। इनमें दो बच्चे भी थे- अदनान और उज़ैर। उनमें से एक मेरे बेटे की उम्र का था और दूसरा उससे छोटा, 17 साल का था। उनके पिता एक दर्जी थे। दर्जी का एक ही सपना था - वह अपने बच्चों को पढ़ाएगा, एक बेटा डॉक्टर बनेगा और दूसरा भी सफल होगा। पुलिस ने उनके पिता को गोली मार दी। 17 वर्षीय अदनान ने मुझसे कहा कि वह बड़ा होकर डॉक्टर बनेगा और अपने पिता के सपने को साकार करेगा। यह सपना और आशा उनके दिल में भारत के संविधान ने पैदा की थी. कांग्रेस नेत्री ने कहा कि हमारा संविधान सुरक्षा कवच है।

रायपुर. साय सरकार के एक साल पूरे होने पर राजधानी के साइंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा रायपुर पहुंचे हैं. अपने पांच घंटे के प्रवास के दौरान भाजपा अध्यक्ष नड्डा साय सरकार के एक साल के कार्यकाल की रिपोर्ट कार्ड पेश करने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. रायपुर एयरपोर्ट पर जेपी नड्डा का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वागत किया. इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव मौजूद रहे. भाजपा अध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और महिलाएं भी पहुंची हैं.

मां गंगा ने बुलाया...प्रयागराज पहुंचें मोदी

प्रयागराज,13 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5,500 करोड़ रुपये की प्रमुख विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिसका उद्देश्य प्रयागराज में 2025 महाकुंभ के लिए सुविधाओं में सुधार करना और शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12:15 बजे प्रयागराज पहुंचे।

उनकी यात्रा पवित्र संगम - गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर औपचारिक पूजा और दर्शन के साथ शुरू होगी। इसके बाद वह ऐतिहासिक अक्षय वट वृक्ष में पूजा करेंगे, उसके बाद हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप का दौरा करेंगे। मोदी महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भी दौरा करेंगे। वह भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर और हनुमान मंदिर कॉरिडोर सहित प्रमुख मंदिर गलियारों का भी उद्घाटन करेंगे। ये गलियारे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए पवित्र स्थलों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करेंगे। महाकुंभ में भाग लेने वाले भक्तों के लिए संचार को सुव्यवस्थित करने के लिए, मोदी कुंभ सहायक चैटबॉट लॉन्च करेंगे। इसके अतिरिक्त, वह क्षेत्र में पेयजल और बिजली आपूर्ति से संबंधित कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिससे शहर की

बुनियादी सुविधाओं में और सुधार होगा। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2 बजे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी के दौरे और जनसभा में आने वाली भारी भीड़ की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

मैं किसान का बेटा हूं, झुकूंगा नहीं: जगदीप धनखड़

नई दिल्ली,13दिसंबर। अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जारी विवाद के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच शुक्रवार को राज्यसभा में एक बार फिर नोकझोंक हुई, जिससे संसद के ऊपरी सदन में हंगामा मच गया। विपक्षी सांसदों के साथ बहस करते हुए धनखड़ ने एक बार कहा कि वह देश के लिए मरेंगे। धनखड़ ने खड़गे और अन्य कांग्रेस सांसदों से हाथ जोड़ते हुए कहा कि मैं एक किसान का बेटा हूं। मैं देश के लिए मर जाऊंगा। संसद में 24 घंटे आपका यही एकमात्र मुद्दा है- एक किसान का बेटा यहां उपराष्ट्रपति की कुर्सी पर क्यों बैठा है। बोलने से पहले सोचें। मैंने काफी सहन किया है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि किसी भी हालत में कमजोर नहीं पड़ूंगा। राज्यसभा एलओपी मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं भी किसान का बेटा हूं। मैंने आपसे अधिक चुनौतियों का सामना किया है। आप हमारी पार्टी के नेताओं का अपमान कर रहे हैं, आप कांग्रेस का अपमान कर रहे हैं। हम यहां आपकी प्रशंसा सुनने नहीं आये हैं, हम यहां चर्चा करने आये हैं।

पीएम स्वनिधि योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए नगर निगम धमतरी को मुख्यमंत्री के हाथों मिला पुरस्कार

धमतरी,13 दिसंबर। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पी.एम.स्वनिधि) योजना में धमतरी जिले को सफलता मिली है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नगर निगम धमतरी को पीएम स्वनिधि योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के सफल क्रियान्वयन के लिए पुरस्कृत किया। यह सम्मान रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों की मदद में अव्वल रहने के मद्देनजर नगरनिगम धमतरी को मिला है। नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रिया गोयल सहित मिशन मैनेजर विमल साहू ने यह सम्मान मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त किया। धमतरी नगर निगम ने इन योजनाओं के अंतर्गत छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और शहरी गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। धमतरी नगर निगम ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत सैकड़ों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को किफायती ऋण उपलब्ध कराया है। इससे इन छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को फिर से खड़ा करने और आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने में मदद मिली। धमतरी नगर निगम ने इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया। बता दें कि 12 दिसम्बर को राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पीएम स्वनिधि तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निकायों, बैंकों, लाभार्थियों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया गया था।

गेंद पूरी तरह पाकिस्तान के पाले में: एस जयशंकर

नई दिल्ली,13 दिसंबर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को लोकसभा को सूचित किया कि भारत किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह पाकिस्तान के साथ भी अच्छे संबंध रखना चाहेगा, लेकिन ये संबंध आतंकवाद से मुक्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह पाकिस्तानी पक्ष को दिखाना है कि वे अतीत के व्यवहार को बदल रहे हैं, और यदि वे निश्चित रूप से ऐसा नहीं करते हैं, तो रिश्ते और उन पर इसका प्रभाव पड़ेगा। गेंद पूरी तरह पाकिस्तान के पाले में है। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में सुधार के संदर्भ में, किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, हम अच्छे संबंध रखना चाहेंगे। लेकिन किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, हम भी आतंकी जोखिम से मुक्त संबंध रखना चाहेंगे। तो ये रही सरकार की स्थिति। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह पाकिस्तानी पक्ष को दिखाना है कि वे अपने अतीत के व्यवहार को बदल रहे हैं और यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो निश्चित रूप से, रिश्ते और उनके लिए इसके निहितार्थ होंगे। इसलिए मुझे लगता है कि इस संबंध में गेंद पूरी तरह पाकिस्तान के पाले में है।

व्यापार के संबंध में विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि जो कुछ व्यवधान हुआ, वह 2019 में पाकिस्तान सरकार के फैसलों के कारण हुआ। जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर भारत चिंतित है और उम्मीद करता है कि ढाका अपने खुद के हित में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर देते हुए यह भी कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ 'आतंकवाद मुक्त' संबंध चाहता है और ऐसे में ''गेंद इस्लामाबाद के पाले में है''। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल किया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? इस पर विदेश मंत्री ने कहा, ''बांग्लादेश की यह स्थिति चिंता का विषय है। अल्पसंख्यकों पर हमले की कई घटनाएं हुई हैं। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश खुद के हित में ऐसे कदम उठाएगा कि अल्पसंख्यक सुरक्षित रहें।'' जयशंकर का कहना था कि बांगलादेश के साथ विकास परियोजनाओं का अच्छा इतिहास है और उम्मीद है कि वहां नए प्रशासन के आने के बाद परस्पर सम्मान और लाभ वाला संबंध होगा।

जीपी सिंह के सहयोगी को हाई कोर्ट से राहत

बिलासपुर,13 दिसंबर। कारोबारी से वसूली के मामले में आईपीएस गुरजिंदर पाल सिंह के साथ आरोपी बनाए गए उद्योगपति रणजीत सिंह सैनी को हाई कोर्ट से राहत मिल गई है. उनके खिलाफ वर्ष 2021 में सुपेला पुलिस थाना में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया है. मामले में पहले ही आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज किया जा चुका है. हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की बेंच ने रणजीत सिंह सैनी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हिमांशु पांडेय के तर्कों को सुनने के बाद फैसला देते हुए बेंच ने माना कि समान आरोप पर इस न्यायालय ने सह-अभियुक्त गुरजिंदर पाल सिंह के खिलाफ एफआईआर को पहले ही खारिज कर दिया है. ऐसे में याचिकाकर्ता को भी यही लाभ दिया जाना चाहिए. बेंच ने माना कि इसके अलावा याचिकाकर्ता किसी उच्च पद पर नहीं है, ऐसे में अभियोजन पक्ष का पूरा मामला फर्जी प्रतीत होता है. ऐसे में सुपेला थाना में 27 जुलाई 21 को दर्ज एफआईआर को रद्द करने के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुर्ग द्वारा 27 मई 2022 का आदेश और प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट, दुर्ग द्वारा याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप तय करने का 12 मार्च 2024 का आदेश को निरस्त कर दिया है. मामले में रणजीत सिंह सैनी के अधिवक्ता हिमांशु पांडेय ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में बताया कि कोर्ट ने कहा कि चूंकि रणजीत सिंह इतने बड़े पद पर नहीं हैं, जो केस को प्रभावित कर सकें. यह फंसाने के लिए झूठा केस किया गया था. इस आधार पर कोर्ट ने एफआईआर, चार्जशीट और आगे की कार्रवाई को खारिज कर दिया है. बता दें कि कमल सूर्या विहार स्मृतिनगर में रहने वाले कमल सेन ने वर्ष 2007 में हथखोज में श्याम कैमिकल नाम से व्यवसाय शुरू किया. फैक्ट्री में छत्तीसगढ़ पुलिस ने दबिश दी. कमल और फैक्ट्री के कर्मचारी प्रकाश चक्रधारी और भेग सिंह पुलिस महासमुंद ले गई, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. इसके करीब 6 महीने बाद इस पूरे मामले में कमल सेन को जमानत मिली थी.

भारत की देन शतरंज में एक बार फिर 18 वर्षीय डी गुकेश बने विश्व चैंपियन

jasclaudius@gmail.com

बचपन से किशोरावस्था तक चालों को पछाड़कर बने विजेता

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

जैसा कि सर्वविदित है कि प्राचीन भारत में विज्ञान, कला,चिकित्सा आदि के क्षेत्र में अनेक विश्व प्रसिद्ध महानुभावों ने जन्म लिया। जिससे साबित होता है कि हमारे देश में एक से बढ़कर एक बुद्धिमान व्यक्तित्व ने जन्म लिया। इसका एक प्रमाण शतरंज भी है। लगभग 1700 वर्षों पूर्व भारत में बुद्धिजीवियों के खेल शतरंज ने जन्म लिया। वस्तुतः शुरुवाती दौर में शतरंज को चतुरंगा के नाम से पुकारा जाता था. बाद में मुस्लिम शासकों द्वारा यह खेल ईरान पहुंचा फिर अरब साम्राज्य में चतुरंगा ने लोकप्रियता हासिल की। खेल के कुछ नियम में बदलाव होता गया फिर यह खेल मुस्लिम जगत से स्पेन, इटली देश होते हुए यूरोप पहुंचा जहां ईसा पूर्व 1500 में इस खेल का नाम चतुरंगा से शतरंज हो गया। भारत में गुप्त साम्राज्य काल के 6वीं सदी में यह खेल एक बार फिर से स्थापित हुआ। संस्कृत में अष्टपाद नाम से पुकारे जाने वाले इस खेल को प्राचीन भारतीय गणित से भी जोड़ा जाता है। कुल मिलाकर विश्व को शतरंज भारत की देन है इसमें कोई दो मत नहीं है। लेकिन 18 वीं सदी से यह खेल यूरोप विशेषकर रूस का प्रमुख खेल बन गया। भारत में इस खेल को पुनः स्थापित करने का प्रयास 1951 में प्रारंभ हुआ। भारत के प्रमुख शतरंज खिलाड़ियों में मेनुएल आरोन, रोहिणी खाडिलकर, दिव्यांदु बरुआ, प्रवीण तिप्से, अनुपमा गोखले, कोनेरु हंपी, पी. हरिकृष्णा आदि रहे। परंतु आज शतरंज की जो स्थिति है उसकी लोकप्रियता का श्रेय महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को जाता है। 11 दिसंबर 1969 को जन्मे आनंद अपनी प्रतिभा के दम पर 1988 में भारत के पहले ग्रेंड मास्टर बने और इसके बाद उन्होंने पीछे पलटकर नहीं देखा और 2000 से 2002 तक फिर 2007 से 2013 तक शतरंज के विश्व विजेता रहे। आनंद पिछले 42 वर्षों से शतरंज खेल रहे हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि भारतीय शतरंज के इतिहास में अकेले विश्वनाथन आनंद की सफलता ने आज के युवाओं को प्रभावित

किया और इसका प्रभाव यह पड़ा कि आज पुरुष वर्ग में विश्व के पहले 100 स्थान में भारत के 10 युवा ग्रेंड मास्टर तथा महिलाओं विश्व के पहले 100 खिलाड़ियों में तीन ग्रैंड मास्टर है। भारत शतरंज ओलंपियाड की चैंपियन है जिसे हम विश्व शतरंज की विजेता भी स्वीकार करते हैं। विश्वनाथन आनंद के पश्चात भारत के किसी खिलाड़ी ने विश्व विजेता होने का गौरव हासिल नहीं किया था परंतु विश्व के 5 वें नंबर के खिलाड़ी गुकेश डोमाराजू ने 2794 रेटिंग के साथ 12 दिसंबर 2024 को विश्व चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। सिर्फ 18 वर्ष की उम्र में विश्व चैंपियन बनना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। यह उपलब्धि गुकेश को शतरंज के प्रति समर्पण और खेल में निरंतर अभ्यास के कारण मिली है। बचपन में जबकि एक शिशु मनोरंजन के सिवा कुछ नहीं चाहता तब सब कुछ त्यागकर सिर्फ सात वर्ष की उम्र से शतरंज की चालों से गुकेश उलझकर उसे हराया करते थे। इसका परिणाम उन्हें मिला और सिंगापुर में गुकेश ने शतरंज के वर्तमान चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित करके सबसे युवा विश्व चैंपियन बन गये। इसके पहले रूस के गैरी कास्पोरोव ने 22 वर्ष की उम्र में यह टाइटिल जीता था। 14 मैच की क्लासिकल गेम श्रृंखला में गुकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 7.5-6.5 से चित्तकर दिया। आनंद जब विश्व चैंपियन बने वे 31 वर्ष के थे। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि भारत के युवाओं में शतरंज कितनी तेजी से पसंद किया जा रहा है। गुकेश की यह उपलब्धि भारत के अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी प्रेरणा देगी क्योंकि जो विश्व चैंपियन बनना चाहते हैं उनके लिए पहली शर्त है कि उन्हें अपने खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित होना पड़ेगा। अब प्रश्न यह है कि जिस तरह आनंद आज भी 55 वर्ष की उम्र में शतरंज में सक्रिय है और उनकी वरीयता विश्व में 10 वें क्रम पर है। क्या गुकेश ऐसा कर पायेंगे। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ और पंडरिया में विकास की तस्वीर दिख रही है:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,13 दिसंबर। 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने एक वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस एक वर्ष में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किये बहुत से वादों को पूरा किया वहीं प्रदेश में विकास की गति ने भी रफ्तार पकड़ी है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के वर्ष में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली है। विगत पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में बदहाली झेल रहा था, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में आज एक वर्ष पूर्ण होने पर वही छत्तीसगढ़ खुशहाली व समृद्धि की ओर डबल इंजन की गति से आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पंडरिया विधानसभा में भी विकास की गति तेज हुई है। हमने भावना दीदी की गारंटी में जो संकल्प किये हैं वह भी धरातल पर उतर रहें हैं और जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।भावना बोहरा ने कहा कि हमने भावना दीदी की गारंटी में पंडरिया विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु निशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत करने का संकल्प किया था आज पूरे विधानाभ में 24 घंटे 7 दिन 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा से हजारों परिवारों को लाभ मिल रहा है। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं क्षेत्र की प्रगति में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आज विधानसभा के 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की है। क्षेत्र के युवाओं के लिए हम 1 जनवरी 2025 से ढ्ढढ्ढञ्ज-

छ्वश्वश्व, ह्रश्वश्वञ्ज एवं ष्टत्रक्क्ष्ट की निशुल्क कोचिंग शुरू करने जा रहें हैं। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए तीन निशुल्क बस सेवा भी अनवरत जारी है। किसान हित को देखते हुए हमने सुतियापाट नहर विस्तारीकरण की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया और भाजपा की सरकार बनते ही हमारा वह संघर्ष सफल हुआ। आज सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य प्रगति पर है जिससे क्षेत्र के 26 से अधिक गांव के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति होगी। अधोसंरचना विकास के लिए हम प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। पंडरिया विधानसभा में 220 किलोमीटर लंबाई के 181 मार्गों की 183 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है व कार्य प्रगति पर हैं। अधोसंरचना विकास के तहत नगर पालिक पंडरिया में 2 करोड़ 65 लाख, नगर पंचायत पांडातराई में 2 करोड़ 35 लाख और नगर पंचायत इंदौरी में 1 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इससे अधोसंरचना विकास, सड़कों का विस्तार, सौंदर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण व जनता की मुलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हमारे विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सड़कों के विस्तार हेतु पीएम जनमन योजना के तहत 22 सड़कों के निर्माण हेतु 58 करोड़ 25 लाख रुपये एवं 3342 आवासों को स्वीकृति मिली है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि केवल एक वर्ष में पंडरिया विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। विधायक निधि अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक, अनुपूरक बजट में बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना के तहत 60 करोड़ रुपये,मंडी बोर्ड के तहत 6 करोड़ से अधिक, समग्र शिक्षा अभियान के तहत शालाओं के विकास हेतु 2 करोड़ 50 लाख से अधिक, मुख्यमंत्री समग्र विकास एवं अधोसंरचना संधारण व उन्नयन प्राधिकरण के तहत लगभग 2 करोड़ जैसे करोड़ों के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। यह सभी स्वीकृति से पंडरिया विधानाभा के हर क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के सुशासन में भी छत्तीसगढ़ नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भाजपा सरकार बनते ही हमने भ्रष्टाचार व अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर कड़ा प्रहार किया। सीजी पीएससी में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले हों या शराब घोटाला, कोयला घोटाला, गोबर घोटाला और गोठान घोटाला करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। हमने महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये देने के अपने वादे को पूरा किया आज महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। किसानों के दो वर्ष का बकाया उन्हें दिया, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, प्रदेश के 13 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा मिल रहा है। उज्ज्वला योजना से धुएं से आज़ादी मिल रही, पीएम जनमन योजना से हमारे आदिवासी भाई-बहन विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहें हैं। अधोसंरचना विकास तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। अपराध व अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।सुशासन की सरकार में जनहित की योजनाओं से जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है महिला, युवा, किसान के कल्याण के साथ ही हमारे वरिष्ठजनो को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला है। विकास भी विरासत भी के संकल्पों के साथ आज हमारा देश एवं प्रदेश विकास के साथ साथ धार्मिक, संस्कृतिक विरासत को भी सहेजने का काम भाजपा सरकार के नेतृत्व में हुआ है। आज हम प्रदेश में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित भाजपा के एक वर्ष का उत्सव मना रहे हैं यह उत्सव हमारे सभी कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथक परिश्रम एवं प्रदेश की जनता के विश्वास से ही संभव हुआ है जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त कर अभिनंदन करती हूं।

सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर नगर निगम रिसाली ने निकाली स्वच्छता रैली

रिसाली,13 दिसंबर। छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रैली निकालकर आम जनता को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि जब हम अपने आसपास स्वच्छ रखेंगे, वातावरण में स्वच्छता रहेगी, तभी हम और आस पास के लोग भी स्वस्थ रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी स्वच्छता को लेकर हर मंच में प्रोत्साहित करते है। उन्होंने मां कल्याणी शीतला मंदिर के समीपवर्ती स्थानों की सफाई में अपना योगदान भी दिया। विधायक चन्द्राकर ने आगे कहा कि सरकार महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को नियमित रूप से एक हजार रुपए, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। 70 वर्ष के वृद्धजनों को स्वास्थ्यगत समस्याओं के निराकरण हेतु आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपए तक के मुफ्त इलाज किए जाऐंगे।

एक नजर

चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

भिलाई, 13 दिसंबर। भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को 24 घंटेके भीतर वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी पकड़ में आए वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि एल कालीदास (43 साल) निवासी स्टील नगर कैम्प 1 माँ मंकीनम्मा मंदिर जवाहर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 दिसंबर को 8. 30 बजे माँ मंकीनम्मा मंदिर जवाहर नगर में ताला लगाकर चले गये। दूसरे दिन सुबह 6.30 बजे मुख्य गेट का ताला खोलकर देखे तो मंदिर का ग्रील टूटा हुआ था तथा मंदिर के अंदर घुसकर माता के आटिफिशियल ज्वेलरी, माता के चांदी के आंख, दान पेटी से अनुमानित तीन से चार सौ रुपए चोरी कर ले गया था।पुलिस टीम ने मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान कर 24 घंटे के भीतर हिरासत में लिया गया जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम अर्जुन सिंह(22 साल) निवासी जवाहर नगर कचरा भट्ठी के पीछे वैशाली नगर तथा नाबालिग होना बताया।

श्रृंखला यादव हत्याकांड,हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट का फैसला यथावत रखा

भिलाई, 13 दिसंबर। भिलाई श्रृंखला यादव हत्याकांड के मामले में हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट के फैसले को यथावत रखा है आरोपित पक्ष ने सेशन कोर्ट के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे खारिज कर दिया आरोपित को सेशन कोर्ट ने 20 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है बता दें कि 13 जून 2019 की दोपहर ट्यूशन जा रही श्रृंखला यादव पर प्राणघातक हमला हुआ था। आरोप एक कथित नाबालिग पर लगा था 15 जून को श्रृंखला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था मौके पर मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया था बाद में उसे इस नाबालिग होने के आधार पर जमानत मिल गई थी मृतका की मां मामता यादव न्याय के लिए लगातार संघर्ष करती रहीं। बाल न्यायालय से इस केस को सेशन कोर्ट लाया गया, जहां पांच साल तक सुनवाई चली। साक्ष्य, गवाह, डीएनए टेस्ट के आधार पर आरोपित को 20 साल की सजा सुनाई गई। ममता ने आरोपित को बाल संप्रेक्षण गृह में रखने की शिकायत बाल आयोग में की तो उसे दुर्ग सेंट्रल जेल भेजा गया सेशन कोर्ट के फैसले को आरोपित पक्ष ने दी थी चुनौती।

भिलाई चरौदा निगम के साथ रेलवे प्रबंधन चरौदा इकाई ने किया अनुबंध

भिलाई-03। नगर निगम भिलाई 03 चरौदा कार्यालय के आयुक्त कक्ष में बुधवार दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को एक अनुबंध निगम प्रशासन एवं रेलवे प्रबंधन चरौदा के बीच किया गया । इस अनुबंध के अंतर्गत रखी गई शर्तें और प्रबंध के तहत रेलवे प्रशासन अपने रहवासी कालोनी (भिलाई 03 एवं चरौदा) से दैनिक निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके निगम के एसएलआरएम सेंटर तक पहुंचायेगा। जिसके पश्चात निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा कचरे का अंतिम निष्पादन किया जायेगा निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के साथ रेलवे प्रशासन के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा द्विपक्षीय वार्ता उपरांत अनुबंध कर भविष्य में मिलकर कार्य करने की सहमति दी गई । इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर के अलावा चरौदा रेलवे मंडल से अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.ए.बी. केरकेटा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी शुमाशीष सरकार, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सोनी एवं कार्यालय अधीक्षक विनोद मंडल मौजूद रहे ।

विकास कार्यों की लेट-लतीफी पर भड़के आयुक्त, दोषी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने निर्देश

भिलाई, 13 दिसंबर। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की अध्यक्षता में विभिन्न विकास कार्यों के विषयों पर विस्तृत चर्चा हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से अधोसंरचना, राज्य प्रवर्तित, सांसद निधि, विधायक निधि, पार्षद निधि, मूलभूत एवं 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि जो भी विकास कार्य कराये जा रहे हैं, वह गुणवत्तापूर्ण के साथ समय अवधि में पूर्ण की जाए। आयुक्त ने प्रातः भ्रमण कर अलग-अलग जोन क्षेत्रो का निरीक्षण किए हैं। उन्होंने मौके पर अधिकारियों द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की मॉनिटरिंग किए थे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किए थे, जो भी कमी हो रही है उसका तत्काल निराकरण किया जाए। बैठक में अलग-अलग विभागों से कराये जा रहे विकास कार्यों के संबंधित अधिकारी से कार्य की प्रगति की स्थिति की जानकारी प्राप्त किए। जो भी ठेकेदार कार्य में विलम्ब कर रहे हैं या कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं कर रहे हैं या कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, उन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश आयुक्त ने दिए हैं। आयुक्त ने कहा नए कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाने से लेकर कार्यादेश होने एवं कार्य पूर्ण होने की प्रक्रिया समय सीमा में होनी चाहिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, उद्यान अधिकारी एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

चोरी के मामले में युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने शेष रकम बरामद की

भिलाई ,13 दिसंबर। भिलाई तीन थाना अंतर्गत चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी के कब्जे से पेश करने पर शेष रकम 1070 रूपए को बरामद किया गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि एमण् डेबिड राज निवासी ईडब्ल्यूएस 409 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहका चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रोज की भांति 17 नवंबर की शाम 7 बजे सर्विस सेंटर को कंपनी का कैशियर रवि कुमार साहू बंद कर घर चले गए थे। वहां पर गार्ड राजेंद्र सिदार रात 8ण्30 से सुबह 8ण्30 बजे तक की ड्यूटी में था सुबह करीब 7ण्30 बजे फोन कर बताया कि सर्विस सेंटर का कांच टूटा हुआ है और चोरी हो गया है। तब में वहां पर आया और देखा कि सर्विस सेंटर के मेन दरवाजा का कांच टूटा हुआ था।अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। वहां पर रखे लकड़ी का ड्राज उसमें रखे नगदी रकम 720 रू व बिलबुक व रसीद नहीं था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सर्विस सेंटर के मेन दरवाजे का कांच तोडकर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान टीम ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल गया। किशोर चौहान उर्फ चेटा; 22 वर्षद्ध निवासी ओम शांति पाराए पुरैना भिलाई 3 संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जिसे पकड़ने के लिए उसके घर में दबिश दीएलेकिन वहां नहीं मिला। पता चला कि आरोपी चेटा रायपुर रेलवे स्टेशन में संदिग्ध अवस्था में पुलिस की गिरफ्तारी एवं कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए लुक छिपकर रह रहा है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम भेजकर काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया। जिसे कड़ाई से पूछताछ करने पर 17 नवंबर की रात स्पर्श आटो मोबाइल सर्विस सेंटर ;टू वेल्यूद्ध रेल नगर चरोदा से नगदी रकम 720 रुपएए 22 जुलाई रूपये को पदुमनगर भारतीय स्टेट बैंक के पास से एक बुजुर्ग के थैला से 34000 रुपए और 31 अगस्त की रात में बाबा स्वीट्स पंचशील नगर चरोदा 12000 रुपए नगद और 6 नवंबर की रात जायसवाल कलेक्शन कपडा दुकान बस स्टैंड दादर रोड चरोदा से 20 हजार नगद व लोवरए शर्टए पैंट व को चोरी करना स्वीकार किया।

मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने बच्चों को दिया निशुल्क कला प्रशिक्षण

भिलाई, 13 दिसंबर। शहीद दुर्वाशा लाल निषाद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी ख अर्जुन्दा में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन के मुख्य आतिथ्य में बच्चों को निशुल्क कला प्रशिक्षण दिया गया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संबंधता प्राप्त यह छत्तीसगढ़ का पहला विद्यालय है जहां राष्ट्रीय सांस्कृतिक क्लब का गठन किया गया है। ललित कला अकादमी में राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन ने उद्घाटन समारोह में अपनी दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति व चावल के दानों पर पेंटिंग का प्रदर्शन किया। इस दौरान शाला परिवार की ओर से उनका सम्मान किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए कहा कि वर्तमान तनाव भरे जीवन में कला ही एकमात्र साधन है जो हमें आंतरिक सुकून दे सकती है। यही वजह है कि पूरी दुनिया मे हर शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में कला को शामिल किया जा रहा है। फिर चाहे वह मूर्ति, चित्र, नृत्य, गीत या संगीतकला ही क्यों न हो। उन्होंने हमर धरोहर नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम संचालित करने के लिए प्रभारी शिक्षक युगल देवांगन, प्रधानाचार्य राजेश वर्मा, संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पांडे, लेक्चरर नागेंद्र कामड़े, शिक्षिका हरिका साहू तथा शशि कला बंजारे को बधाई दी है।

नपाध्यक्ष की टिकट किसे मिलेगी,चल रही चर्चा

कवर्धा, 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष की टिकट किसे मिलेगी लोगों और कार्यकर्ताओं ने कयास लगाना शुरू कर दिया । पान ठेला से लेकर होटलों में गुटखा खाते हुए या पान खाते खाते या चाय पीते पीते चर्चा करते रहते है बीजेपी से किसे मिले नगर पालिका अध्यक्ष की टिकट । वैसे ओबीसी से भाजपा से वर्तमान अध्यक्ष मनहरण साहू , कवर्धा शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल शाहू , वर्तमान पार्षद पवन जायसवाल और सामान्य वर्ग से पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वर्तमान में नगर पालिका सभापति उमंग पांडेय , कवर्धा शहर मंडल उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय , युवा बीजेपी नेता रूपेश जैन राजेंद्र सांखला , जसवंत छाबड़ा , निर्मल द्विवेदी के नाम की चर्चा होती हुई दिख रही है । वैसे बीजेपी में बहुत सारे दावेदार होने के कारण भारी मंथन के बाद टिकट मिलेगा ।

कृषि महाविद्यालय दुर्ग के चतुर्थ वर्ष के छात्राओं ने रेडी कार्यक्रम के तहत महमरा में लगाए विभिन्न शिविर

कवर्धा, 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कृषि महाविद्यालय के छात्रों के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का लगाया शिविर जिसमें रेडी कार्यक्रम में नीमास्त्र का मुख्य उद्देश्यजैविक कीटनाशक को बढ़ावा देना है, नीमास्त्र एक कीटनाशक है, जिसका इस्तेमाल फसलों में कीटों और बीमारियों से बचने के लिए किया जाता है. नीम के पत्तों में कीटनाशक गुण होते हैं, इसलिए नीमास्त्र बनाने के लिए नीम के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है, इस कार्यक्रम के तहत ग्राम महमरा की रेडी कार्यक्रम के तहत एयर लेयरिंग परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया 7 इस कार्यक्रम के तहत ग्राम महमरा की महिलायें श्रीमति अनीता निषाद,चीतेश निषाद एवं ग्राम के अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन के रूप में छात्राओं में रूचिका राजपूत ,सीमा चतुर्वेदी, स्वर्णा नागले, सौम्या, विपाशा सरादे, उमा पटेल, सुष्मिता, यास्मीन ,एवं कीर्ति के द्वारा किया गया।

रेंगाखार में 88 क्विंटल धान के साथ तीन वाहन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,13 दिसंबर। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में अवैध धान परिवहन पर कड़ीन कार्रवाई जारी है। धान उपार्जन केंद्रों में कोचियों और बिचौलियों के माध्यम से धान लाने की कोशिशों पर प्रशासन की पैनी नजर है। इसी क्रम में रेंगाखार क्षेत्र के सिवनी खुर्द चेक पोस्ट पर बीती रात तहसीलदार अखिलेश ध्रुव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन गाड़ियों को अवैध धान लाते हुए पकड़ा गया।वाहनों में लदे धान की जांच की गई, जिसमें पिकअप वाहन सीजी 07सी 5565 पर 28 क्विंटल, माजदा वाहन 5252ङ्ग पर 40 क्विंटल, और पिकअप वाहन सीजी 07क्क9241 पर 20 क्विंटल धान लदा हुआ मिला। यह धान मध्यप्रदेश के बिटली और मंडाई गांव से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था, जिसे

रेंगाखार क्षेत्र की समितियों में बेचने का प्रयास था। मौके पर तहसीलदार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धान को जप्त कर थाने में सुपुर्द कर दिया।जप्त धान पर मंडी निरीक्षक पवन शर्मा ने मंडी अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई की। प्रशासन ने जिले में अवैध धान परिवहन पर सख्ती जारी रखते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कबीरधाम में औचक निरीक्षण और निगरानी लगातार जारी रहेगी।

कुरूद में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला

भिलाई, 13 दिसंबर। निगम आयुक्त द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर रोक लगाने के निर्देश के बाद जोन 2 के राजस्व अमले ने कुरूद में शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जे को बेदखल किया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बुधवार को समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे कि निगम क्षेत्र में होने वाले अवैध कब्जे की मॉनिटरिंग कर रिक्त करवाएं। जिसके परिपालन में जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर जोन 2 का राजस्व अमला ने बेदखल किया। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने बताया कि कुरूद वार्ड 21 में मानसरोवर मंदिर के सामने मैदान में रहवासियों द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर शासकीय भूमि में तार धेरा कर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे जे.सी.बी. के माध्यम से हटाया गया और भूमि को समतल किया गया। बेदखली कार्यवाही के दौरान पुषण देशमुख, अरुण सिंह, हरि ताम्रकार, गुप्ता नंद तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, मदन मोहन तिवारी, प्रतीक तिवारी, जागेश्वर पटेल, तोडफोड दस्ता के प्रभारी अंजनी सिंह, कन्हैया यादव, मंगल कुरे, आदि उपस्थित थे।

आयुक्त सीधे पहुंचे वार्डों में, पानी की गुणवत्ता की ली जानकारी

भिलाई, 13 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र पावर हाउस टी मार्केट में शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में श्रमदान करके स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किए। वहां उपस्थित व्यापारीगण, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाए। सभी से कहा प्रतिदिन अपने आस-पास की सफाई निरंतर करें। नगर निगम भिलाई अपने सफाई अमले के साथ टीम लगा कर अपना सफाई में योगदान दे रही है। आप सभी लोग भी अपना सहयोग प्रदान करें। यही अपेक्षा है कि नालियों में कचरा ना फेके निगम के सफाई मित्र को ही दुकानों से निकलने वाले कचरे को दें। खुर्सीपार क्षेत्र में बाबा बालकनाथ उद्यान का निरीक्षण किए। वहां पेड़ पौधो की कटाई-छटाई, ट्रिमिंग, सिंचाई व्यवस्था की निरीक्षण किए। अधिकारियों को निर्देशित किए कि उद्यान हरा-भरा रखना है। साथ ही तालाब की सफाई वहां पर लगे पोल, लाईट व्यवस्था व मोटर पम्प को भी देखे और लाइट को लगातार चालू न रखने व

मोटर पंप को तत्काल संधारण के निर्देश दिए। वहां से होते हुए लक्ष्मण तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे वहां आम नागरिकों एवं सफाई करने वाले सफाई कर्मचारी से पूछे कि प्रतिदिन साफ-सफाई की जाती है या नहीं। कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिदिन साफ-सफाई की जाती है। वहां से होकर खुर्सीपार क्षेत्र के वार्डो का निरीक्षण करने पहुंचे, वहां के लोगों से मिले। इसी दौरान नगर निगम का वाटर चेक पोस्ट से पानी का सप्लाई चालू था ।उसको पी करके गुणवत्ता की जांच किया साथ में स्थानीय नागरिकों से भी पूछे कि आपका जो पानी आ रहा है और साफ सुथरा, पीने योग्य है या कुछ कमी दिखता है। सभी ने कहा अभी पानी अभी ठीक आ रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये की पानी का सैंपल अलग-अलग जगह से लिया जाए उसका परीक्षण लेबोरेटरी से भी किया जाए। और सफाई व्यवस्था एवं पानी सप्लाई के बारे में जानकारी प्राप्त किए। घरों में सप्लाई होने वाले पानी की अपने पी करके जांच किए, पानी में किसी प्रकार की अशुद्धि नहीं पाई गई। वहां से होते हुए छावनी तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे और पहुंचते ही तालाब की सफाई, लाइट, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त, सतीश यादव, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, आदि उपस्थित रहे।

भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में किया जा रहा आयुष्मान पंजीयन

भिलाई 03। चरौदा निगम क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ आयुष्मान पंजीयन पर कार्यवाही की जा रही है। 70 वर्ष से अधिक के लोगों का आयुष्मान अपडेट करने मोबाइल एप के माध्यम से केवल आधार नम्बर लोड कर रिन्यू करने निगम के सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर फील्ड में कार्य कर रहे हैं। इसी के साथ नया आयुष्मान पंजीयन में राशन कार्ड का नम्बर और आधार नम्बर दोनों ही मोबाइल एप में एंट्री करना आवश्यक है। जिससे आयुष्मान पंजीयन पूरा होता है। शासन की इस अति महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी योजना में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत की ओर से संबंधित अधिकारी / कर्मचारियों को प्रदान किये गये है। परिणाम स्वरूप सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर दो-दो, तीन-तीन के समूह में प्रत्येक वार्ड में आयुष्मान पंजीयन करने दायित्व से संलग्न है।

मनीष पांडेय ने छावनी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से की चर्चा

भिलाई, 13 दिसंबर। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को छावनी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छावनी तिरंगा चौक से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया। छावनी से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग की मरम्मत को लेकर विगत लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी, जिस पर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से चर्चा की। मनीष पाण्डेय ने छावनी तिरंगा चौक से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग का अवलोकन किया। 400 मीटर लंबा यह मुख्य मार्ग विगत लंबे समय से खस्ताहाल है, जिसके मरम्मत के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में पाण्डेय ने जोन -4 आयुक्त से जल्द से जल्द रोड के संधारण की चर्चा की। साथ ही उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ से भी केंद्र में लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र निर्मित होने से यहां लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद श्रीमती वीणा चंद्राकर, श्रीमती गिरीजा बंछोर, श्रीमती ईश्वरी नेताम, राकेश बंछोर, निखिल ताठे, आशुतोष पाण्डेय सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

क्वलिटी सर्किल चैप्टर कन्वेंशन, भिलाई को मिला सम्मान

भिलाई, 13 दिसंबर। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इण्डिया के तिरुपति चैप्टर द्वारा तिरुपति, तमिलनाडु में आयोजित क्वालिटी सर्कल के चैप्टर कन्वेंशन-2024 में महाप्रबंधक मनोज दुबे को चैम्पियन ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सीनियर एनालिस्ट श्री सुनील देशमुख को बेस्ट कोऑर्डिनेटर का अवार्ड प्रदान किया गया।

सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन

जनादेश परब

पर प्रदेश की जनता का कोटि-कोटि आभार...

13 दिसम्बर 2024

श्री जगत प्रकाश नड्डा
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संवाद आर.ओ. 42399/79

संपादकीय

धनकड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

राजनीति में जब विपक्ष को किसी संस्था पर भरोसा नहीं रह जाता है तो विपक्ष भी देश की जनता के लिए भरोसे लायक नहीं रह जाता है। आज देश के विपक्ष को न्यायालय पर भरोसा नहीं है, अदालत विपक्ष के अनुकूल फैसला दे तो ठीक नहीं तो अदालतें निष्पक्ष नहीं रह गई हैं। चुनाव में विपक्ष हार जाए तो चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रह जाता है, विपक्ष राज्य में चुनाव जीत जाए तो चुनाव आयोग निष्पक्ष हो जाता है। मीडिया विपक्ष के अनुकूल खबरे छापे, प्रसारित करें तो मीडिया निष्पक्ष है, मीडिया विपक्ष के अनुकूल खबर न छापे,प्रसारित न करें तो मीडिया निष्पक्ष नहीं रह गया है। संसद में लोकसभा अध्यक्ष उनकी बात न मानें तो वह पक्षपात करते हैं. राज्यसभा में सभापति विपक्ष की हर बात न सुनें तो सभापति पक्षपात करते हैं। लोकतंत्र में किसी को तानाशाही की इजाजत नहीं दी जा सकती चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष को सबको संवैधानिक संस्थाों की परंपरा व नियमों का पालन करना चाहिए, उसकी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। विपक्ष तो न्यायालय से अपेक्षा करता है कि उसे विपक्ष की भूमिका निबाहनी चाहिए यानी सत्ता पक्ष की हमेशा आलोचना करनी चाहिए, सत्ता पक्ष के खिलाफ हमेशा फैसला देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हम यहां मीडिया,जांच एजेंसियों और न्यायपालिका की ओर से अकेले लड़ाई लड़ रहे हैं। भारत की यही असलियत है। इस पर पूर्व सीजीआई चंद्रचूड़ ने कहा था कि यह गलत धारणा है कि विधायिका में न्यायपालिका को विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। हम यहां कानून की समीक्षा के लिए है। लोगों को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि संसद या विधानसभा में विपक्ष की जो भूमिका होती है, वैसी भूमिका न्याायपालिका को न्याय क्षेत्र में निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कुछ लोग यहां न्यायपालिका का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। उसके कंधे पर बंदूक रखकर निशााना लगाना चाह रहे हैं। अदालत को विपक्ष राजनीति का अखाड़ा बनाना चाहता है। जो बात चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका के लिए कही है, वही बात चुनाव आयोग,जांच एंजेसियों, मीडिया,संसद पर भी लागू होती हैं। सब संस्थाओं की अपनी जिम्मेदारी होती है। वह अपना काम कर रहे हैं विपक्ष को उनको अपना काम स्वतंत्रता से करने देना चाहिए।वह मीडिया से क्यों अपेक्षा करता है कि मीडिया विपक्ष की भूमिका निबाहे, वह संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों से यह अपेक्षा क्यों करता है कि वह उसकी बात मानें. वह चुनाव आयोग से क्यों अपेक्षा करता है कि चुनाव आयोग वैसा ही करे जैसा विपक्ष चाहता है। अदालत वैसे ही फैसले दे जैसा विपक्ष चाहता है। यह सारी संस्थाएं कांग्रेस व विपक्ष के हिसाब से काम नहीं करती है तो कांग्रेस और विपक्ष इन पर हमलावर रहते हैं कि इनकी विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाने का प्रयास करते हैं। इसकी असली वजह यह है कि कांग्रेस और विपक्ष पराजित है, वह ज्यादातर चुनाव में हार जाते हैं तो उनको लगता है कि हम लोग कमजोर है, हम लोग मोदी को हरा नहीं पा रहे है, हम लोग मोदी की इमेज खराब नहीं कर पा रहे हैं तो अदालत,मीडिया,संसद के सभापति,चुनाव आयोग सबको हमारा सहयोग करना चाहिए। उनको विपक्ष की भूमिका निभाहनी चाहिए. राहुल गांधी से पहले किसी नेता ने नहीं कहा था कि हम यहां मीडिया,जांच एजेंसियों,व न्यायपालिका की ओर से अकेले ही लड़ाई लड़ रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान से ही साफ है कि वह देश को बता रहे हैं कि वह अकेले लड़ रहे हैं, उनका साथ कोई नहीं दे रहा है, यानी वह खुद को कमजोर समझ रहे हैं क्योंकि जो कमजोर होता है वह चाहता है कि लोग उसकी मदद करें। सीधी से बात है कि जो कमजोर होता है वह मदद की अपेक्षा करता है और चाहता है कि सब वह जो चाहता है, वही करें। यह भी तो एक तरह की तानाशाही है। यह तानाशाही राहुल गांधी संसद के भीतर भी चलाना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि वह संसद में कुछ भी कहें, कुछ भी करें उनको कोई न रोके। वह संसद की गरिमा को समझ रहे हैं न ही संसद की परंपराओं को समझ रहे है, यही वजह है कि संसद में वह सब हो रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ या किसी करने की सोची तक नहीं। हारा हुआ आदमी बहुत ही आक्रामक हो जाता है, वह जानता है कि लोग जानते हैं कि यह हारा हुआ है, इसलिए वह हर किसी से लड़ने और हराने को तैयार रहता है। वह खुद को सबसे बेहतर व सबको अपने से कमतर बताने का प्रयास करता है। राहुल गांधी पीएम मोदी से निरंतर हार रहे हैं। वह लोकसभा के तीन चुनावों में से एक चुनाव नहीं जीत सके हैं। तीन में से एक चुनाव भी जीते होते तो कम से कम कांग्रेस व विपक्ष के लोग मानते तो हारने के बाद एक चुनाव जिताया तो है। राहुल गांधी से कांग्रेस और विपक्ष यही अपेक्षा करता है लेकिन वह यह काम दस साल में नहीं कर सकें है, दस साल का समय किसी को हराने के लिए कम नहीं होता हे लेकिन दस साल राहुल गांधी मोदी को हराने की कोई ठोस योजना नहीं बना सके हैं। इससे कांग्रेस व विपक्ष उनसे निराश हैं। राहुल गांधी मोदी का दस साल में कुछ बिगाड़ नहीं पाए हैं तो इसका गुस्सा वह अदालत,मीडिया,एजेंसियों,संसद के सभापति पर निकालते हैं। कांग्रेस का राज्यसभा के सभापति के खिलाफ दिया गया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस इसी तरह का प्रयास है। राहुलगांधी दस साल में मोदी की ईमानदार नेता की छबि पर एक खरोंच नहीं डाल सके हैं। दस साल मोदी जनता की नजर में जितने ईमानदार थे, आज और ज्यादा ईमानदार हैं। पीएम पद पर आने के बाद भी वह उसी तरह ईमानदार बने हुए हैं जिस तरह सीएम रहते बने हुए थे। यही बात राहुल गांधी को बहुत बुरी लगती है और मोदी को चोट पहुंचाने के लिए, मोदी को विचलित करने के लिए मोदी के आसपास रहने वालों के खिलाफ आक्रामक बने रहते हैं। उपराष्ट्रपति धनकड़ के खिलाफ दिया गया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस इसी तरह की आक्रामकता है। जिसका कोई परिणाम नहीं निकलने वाला है। क्योंकि संसद सत्र समाप्त होते हैं यह नोटिस भी लैप्स हो जाएगा। कांग्रेस ने तो पिछले सत्र में इसी तरह का प्रयास किया था। वह भी सफल नहीं हुआ था।

चिंतन

भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं

किशन सनमुखदास भावनानी

कुदरत द्वारा रचित अनमोल खूबसूरत सृष्टि में भारत आदि अनादि काल से संस्कृति सभ्यता बड़े बुजुर्गों को मान सम्मान संयुक्त परिवार प्रथा सहित सभी गुणों में विशाल वटवृक्ष की भांति फलता फूलता रहा है हमारे बड़े बुजुर्गों ने स्वर्णलोक, स्वर्ग अनुभूति इस सृष्टि में धरती पर अपनों के बीच किया देखा और सुख भोगा है। उन अपार सुख के फूलों में से एक फूल है घर,परिवार,संयुक्त परिवार एक मजबूत सुख की छावं देने वाला, छत्रछाया देने वाला संयुक्त परिवार, घर परिवार जहां बड़े बुजुर्गों के छत्रछाया में जीवन जीने,उनके फैसलों पर अमल करनें,आगे बढ़ाने और समर्पित भाव से जीवन जीने का सुख,अनमोल क्षण के साए में जीवन जीने का आनंद ही कुछ और है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में धीरे-धीरे हमारे देश के अधिकांश युवा पाश्चात्य संस्कृति के साए में बड़े बुजुर्गों को नजरअंदाज कर, एकला चलो रे !वाली नीति पर चलने की राह पर हैं किसी का लिखा एक खूबसूरत वाक्यांश बता दें, घर तब तक नहीं टूटता तब तक फैसला बड़ों के हाथों में होता है, अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है,इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फर्क.के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी जरूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता- पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आखिर वजह क्या है।इसके अलावा भाई-बहनों के अलग मिजाज और माता-पिता का किसी एक बच्चे के प्रति गहरा लगाव भी अलगाव की वजह बन जाते हैं, ऐसा नहीं है कि परिवार में अलगाव तेजी से और रातों रात हो रहा है, बल्कि ये बहुत धीरे-धीरे हो रहा है। कई बार छोटी सी घटना भी परिवार को तोड़ देती है। कहने को तो वो एक घटना होती है लेकिन उसके नतीजे दूरगामी होते हैं जिसको रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम घर में हर कोई बड़ा बनने के दो मुख्य कारणों की करें तो, पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि भूमंडलीकरण की वजह से उन देशों में भी परिवार टूट रहे हैं, जहां अकेले रहने की रिवायत नहीं है, भारत की ही बात करें तो बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में गांवों से शहरों में या विदेशों में पलायन कर रहे हैं। वहीं जिन देशों में सरकार की ओर से बेहतर सुविधाएं नहीं मिलतीं वहां बुजुर्ग, नौजवान और बच्चों के बीच मजबूत रिश्ता और एक दूसरे से लगाव देखने को मिलता है, इसकी मिसाल हमें यूरोप के कुछ देशों में देखने को मिलती है। बाहर बड़े शहरों या विदेश में रोजगार में जाने की वजह से माता-पिता से दूरी बन जाती है, साथ ही ऐसे परिवारों में आर्थिक रूप से लोग एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते, स्वाभाविक रूप से वे अपने फैसले खुद लेने लगते हैं, लिहाजा उन्हें अलग होने में कोई हिचक भी महसूस नहीं होती। ये भी देखा गया है कि जो किसी समुदाय के लोग एक दूसरे से ज्यादा करीब रहते हैं, उनके यहां बड़े परिवार भी एक छत के नीचे रहना पसंद करते हैं, ये भी हो सकता है कि असुरक्षा का भाव उन्हें ऐसा करने को

कहता हो। शहरों में बड़े परिवार को साथ रखना आसान नहीं है, हर कोई बड़ा बनने एवं फैसला लेने की चाह रखता है इसलिए भी बुजुर्गों के साथ अलगाव की स्थिति पैदा हो रही है और गुजरते दौर के साथ ये स्थिति और मजबूत होगी। लेकिन किसी भी समाज में जो सांस्कृतिक मूल्य बहुत मजबूत होते हैं, वो आसानी से खत्म नहीं होते, लिहाजा जिन समाज में परिवार के साथ रहने का चलन है वो आगे भी रहेगा, परंतु मुमकिन है कि आने वाले 20 साल में स्थिति पूरी तरह बदल जाएगी। साथियों बात अगर हम उस एक पुराने जमाने की करें जहां संयम, बड़ों की कद्र और संयुक्त परिवार से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और फैसला लेना बड़ों के हाथ में रहता था तो, उस दौर में संयम, बड़ों की कद्र, छोटे बड़े का कायदा, नियंत्रण इन सब बातों का प्रभाव था। ऐसे ही संयुक्त परिवारों से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और पूरा मोहल्ला और गांव एक परिवार की ही तरह रहते थे।परिवार का नहीं, मोहल्ले का बुजुर्ग सबका बुजुर्ग माना जाता था और ऐसे बुजुर्गों के सामने जुबान चलानें या किसी अप्रिय कृत्य करने का साहस किसी का नहीं होता था। उस दौर में मोहल्लों में ऐसा माहौल और अपनापन होता था कि 'गांव का दामाद' या 'मोहल्ले का दामाद' कहकर लोग अपने क्षेत्र के दामाद को पुकारते थे और अगर कोई भानजा है तो किसी परिवार का नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले और गांव का भानजा माना जाता था और यही कारण था कि लोग 'गांव की बेटी' या 'गांव की बहू' कहकर ही किसी औरत को संबोधित करते थे जो रेखांकित करने वाली बात है ।

साथियों बात अगर हम आओ घर को टूटने से बचाने के आसान उपायों की करें तो, एक संयुक्त परिवार और बड़े बुजुर्गों के निर्देशन में जीने का सही तरीका है ? स्वार्थ भावना से दूर रहकर, खुद से पहले दूसरों की खुशी का ध्यान रखना होगा और हमारा परिवार हमारी खुशी का ध्यान रखेगा।अपने कर्तव्यों को पूरा करने की कोशिश हमेशा होनी चाहिए। बड़ो के प्रति आदर भाव और छोटों के प्रति प्रेम होना चाहिए। घर छोटा हो या बड़ा लेकिन दिल हमेशा बड़ा होना चाहिए। अपनी इच्छाओं से पहले परिवार की जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए। संयुक्त परिवार में मेरा कुछ नहीं होता जो भी होता है वो सबका होता है। कुछ बातों को नजरअंदाज करने की कला तो कुछ बातों पर ध्यान देने की कला आनी चाहिए। हर खुशी बड़ी हो जाती है और हर दुख छोटा सयुक्त परिवार में। साथ बैठने का और साथ खाने का महत्व समझना चाहिए।शेयर करना स्वभाव होना चाहिए क्योंकि, बस एक दूसरे का हाथ पकड़कर चलना सीख लो।सहनशीलता अच्छी होनी चाहिए। सामंजस्य बैठाना भी आता हो। साथियों मेरा यह निजी अनुभव है कि, मेरा परिवार सयुंक्त परिवार और इसीलिए मैने इस प्रश्न का उत्तर देना चाहा। सभी का उचित सम्मान होना चाहिए, विशेष रूप से छोटे बड़ों का हमेशा सम्मान करें। कार्यों का उचित विभाजन हो, जिससे टकराव ना हो। पुरानी कहावत है कि- जहाँ चार बर्तन होते है, वहां टकराव होता है, ये खटपट भी मधुर होनी चाहिए। बाहर की चुगलखोरी एवं चापलूसी को बिल्कुल ध्यान न दे, क्योंकि यह हमारे भारतवासियों का जन्मसिद्ध अधिकार है वो तो करेंगे ही।अंत में सबसे जरूरी-

परिवार में प्यार, नहीं तो।
उपर लिखी सारी बातें बेकार।।
करो दिल से सजदा तो इबादत बनेगी।
बड़े बुजुर्गों की सेवा अमानत बनेगी।।
खुलेगा जब तुम्हारे गुनाहों का खाता।
तो बड़े बुजुर्गों की सेवा जमानत बनेगी।।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं। घर तब तक नहीं टूटता जब फैसला बड़ों के हाथ में होता है, हर कोई बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देर नहीं लगती। आधुनिक युग कोई परिवार में बड़ों के लिए तरसे, कोई बड़ों पर गुस्से से बरसे की ओर चल पड़ा है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए टेंशन को बढ़ाएगा, क्योंकि आप कामों को लेकर टेंशन में रहेंगे।। यदि आप जीवनसाथी के करियर को लेकर परेशान थे, तो उन्हें कोई अच्छी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, जिससे वह और गति पकड़ेगा। संतान के मनमानी व्यवहार के कारण आपको बेवजह टेंशन बनी रहेगी। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप पर यदि कोई पुराना कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आप घर की साफ-सफाई और रखरखाव पर आप पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी बात को बहुत ही सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको बिजनेस में रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। आपकी भागदौड़ अधिक रहेगी। आपकी संतान किसी पिकनिक आदि पर जा सकते हैं। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा, नहीं तो उसे पूरा करने में आपको समस्या आएगी। आपकी कोई नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। बिजनेस में आप अपनी योजनाओं को लेकर काफी मेहनत करेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी की पुरानी गलती से सबक लेना होगा और आपको कार्यक्षेत्र में किसी के कहने में आकर किसी वाद विवाद में ना पड़े, नहीं तो वह बढ़ सकते है। नौकरी में आपको बदलाव बहुत सोच समझकर ही करना बेहतर रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान लगाएंगे, जिससे उन्हें किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका किसी नई प्रॉपर्टी को खरीदने का सपना पूरा होगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति से कुछ जरूरी जानकारी शेयर ना करें, नहीं तो इससे आपको बाद में कोई समस्या खड़ी हो सकती है। संतान की पढ़ाई-लिखाई में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपनी माताजी से पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनें लेकर आने वाला है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा, जो आपको परेशानी देगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। यदि आपने अपने कामों को छोड़कर बाकी पर ध्यान लगाया, तो आपके कामों के लटकने की संभावना है। आप यदि नौकरी में कामों को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसमें किसी नई नौकरी के प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहा है, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, लेकिन आप किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई गलत जगह इन्वेस्टमेंट करने से बचें। जो लोग बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत है, उन्हे किसी अच्छी स्कीम में इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा। आपके पिताजी को कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है, उसमें यदि आपने ढील दी, तो वह भविष्य में बढ़ सकती हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके चारों को वातावरण खुशनुमा रहेगा, जो आपको खुशी देगा। आप किसी भी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी नए वाहन को अपने घर लेकर आ सकते हैं, जिसके बाद परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर कुछ उलझनें रहेगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने राजनीतिक कामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी दूसरे के भरोसे में नुकसान हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई समस्या आ रही है, तो आप बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड ना रहें। आपको अपनी किसी काम को समय से पूरा करना होगा।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आप खुशियों से सराबोर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपको अपने कामों के लिए शाबाशी मिल सकती है, लेकिन यदि आपने किसी काम में जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें गड़बड़ी होने से आपका मन परेशान रहेगा और आपको किसी के बारे में कोई बात सोच समझकर बोलनी होगी। आप अपनी आय और व्यय के मामले में किसी दूसरे व्यक्ति से ना बोले, नहीं तो वह उसका फायदा उठा सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको बिजनेस में अपने पार्टनर से थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि वह आपको धोखा दे सकते हैं। आप अपने कामों पर ध्यान थोड़ा कम देंगे, जिस कारण उनके लटकने की संभावना है। परिवार में चल रही समस्या आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपको परेशानी देगी।

प्यार अंधा होता है

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

कहते हैं प्यार अंधा होता है। ऐसा लगता है मानो प्यार कोई कुंठित दृष्टिहीन देवता हो, जो गलती से गलत व्यक्ति पर तीर चला देता है। यह बयान सुनकर दिल करता है कि उसे पकड़कर पूछा जाए, ₹भाई साहब, आखिर किसने बताया तुम्हें कि प्यार अंधा है ?₹ सच तो यह है कि प्यार अब इतना अंधा नहीं रहा। आधुनिक युग में प्यार ने आंखों पर से पट्टी उतार दी है और वह अब सीधा सीसीटीवी कैमरे की तरह हर चीज को देखता है। पहले प्यार की परिभाषा अलग हुआ करती थी - आंखें मिलीं, दिल धड़का और बस प्यार हो गया। लेकिन अब? अब प्यार होता है, लेकिन बैंक बैलेंस, धर्म, जाति, हैसियत, और सोशल मीडिया फॉलोअर्स देखकर। प्यार अब 'अंधा' नहीं बल्कि 'आंखों वाला' हो गया है। और आंखें भी ऐसी कि माइनस पॉवर वाले चश्मे से नहीं, बल्कि एचडी विजन से सब कुछ साफ-साफ देखता है। जैसे ही कोई सामने आता है, प्यार तुरंत उसके कपड़ों के ब्रांड, घड़ी की कीमत, और मोबाइल मॉडल का निरीक्षण कर लेता है। अगर सामने वाले के पास आईफोन 16 प्रो है, तो दिल एक बार जरूर धड़कता है। वरना एंड्रॉइड वाले लोग तो सिर्फ 'फ्रेंडजोन' में ही रह जाते हैं। प्यार अब धर्म और जाति देखकर होता है। प्यार अंधा होता था, जब लोग मंदिर-मस्जिद की दहलीज पर जाकर प्रणय निवेदन कर लेते थे। पर अब? ₹तुम किस जाति के हो ?₹ ₹तुम्हारे घर में कितने तोले सोना है ?₹ ₹क्या तुम्हारे मम्मी-पापा रिश्ते के लिए तैयार होंगे ?₹ यह सवाल पूछे बिना कोई भी ₹आई लव यू₹ बोलने की हिम्मत नहीं करता। आज के युग में प्यार फेसबुक, इंस्टाग्राम, और स्नैपचैट पर बसता है। प्यार का नया मंत्र है, ₹तुम्हारे इंस्टाग्राम फॉलोअर्स कितने हैं ?₹ अगर आपके पास 10के फॉलोअर्स नहीं हैं, तो प्यार करने का हक ही नहीं मिलता। पहले लोग गजल सुनकर प्यार करते थे, अब रील देखकर। प्यार में अब दिल से ज्यादा जेब भारी होनी चाहिए। ₹तुमसे शादी करूंगी, लेकिन तुम्हारी सैलरी कितनी है ?₹ यह सवाल आज के प्यार का सटीक प्रतिबिंब है। प्यार अब सिर्फ प्रेम नहीं, बल्कि ₹पैसों का निवेश₹ बन गया है। प्यार में हैसियत की यह अजीबोगरीब कैलकुलेशन देखकर कभी-कभी लगता है कि प्यार अब मैनेजमेंट का प्रोजेक्ट बन गया है। अगर गाड़ी बीएमडब्ल्यू है और बंगला शहर के पॉश इलाके में है, तो प्यार करने की संभावना बढ़ जाती है। नहीं तो प्यार वही पुराना गाना गाता है, ₹तुम्हारे प्यार में मैं सबकुछ छोड़ सकता हूं, लेकिन ईएमआई नहीं।₹ प्यार अंधा नहीं, बल्कि धर्म-निरपेक्ष होने का ढोंग करने लगा है। ₹प्यार मजहब नहीं देखता₹ कहने वाले लोग भी शादी के लिए अपने-अपने धर्म की चौखट पर खड़े हो जाते हैं। जब बात शादी की आती है, तो प्यार गुपचुप तरीके से धर्म, जाति, और संस्कार की चादर ओढ़ लेता है। असल में, ₹प्यार अंधा होता है₹ कहना खुद को और समाज को धोखा देने जैसा है। प्यार अब अंधा नहीं, बल्कि इतना समझदार हो गया है कि वह हर चीज का हिसाब-किताब लेकर चलता है। समाज ने प्यार को 'डाटा एनालिटिक्स' का विषय बना दिया है। और यदि कोई यह दावा करता है कि उसने बिना किसी भेदभाव के सच्चा प्यार किया है, तो या तो वह महान है, या वह किसी सपनों की दुनिया में जी रहा है। प्यार अंधा होता है, यह कहना उतना ही बड़ा मजाक है, जितना यह कहना कि ₹राजनीति में सब ईमानदार हैं।₹ प्यार का यह व्यंग्यात्मक विश्लेषण हमें यह सिखाता है कि ₹प्यार अंधा होता है₹ अब एक पुरानी और अव्यवहारिक कहावत बन गई है। आज का प्यार आंखों से सब देखता है, और दिमाग से सब तय करता है। अब प्यार को ₹अंधा₹ कहने से पहले दो बार सोचना चाहिए, क्योंकि आज का प्यार चश्मा पहनता है और हर चीज का माइक्रोस्कोपिक विश्लेषण करता है। तो अगली बार जब कोई आपसे कहे कि प्यार अंधा होता है, तो उसे मुस्कुराते हुए जवाब दीजिए, ₹नहीं भाई, प्यार तो अब सीसीटीवी से भी ज्यादा तेज देखता है।

विदेश

बांग्लादेश को सबक देने की जरूरत है!

मनोज कुमार अग्रवाल

बांग्लादेश ने मंगलवार को स्वीकार किया कि अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के बाद अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा की 88 घटनाएं हुईं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि इन घटनाओं में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने यह खुलासा ऐसे समय किया है जब एक दिन पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बांग्लादेशी नेतृत्व के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों पर हमलों की अफसोसजनक घटनाओं को उठाया था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित भारत की चिंताओं से अवगत कराया था। आलम ने संवाददाताओं को बताया कि पांच अगस्त से 22 अक्टूबर तक अल्पसंख्यकों से संबंधित घटनाओं में कुल 88 मामले दर्ज किए गए हैं। आपको पता हो कि बांग्लादेश भारत की मदद से बना था. अन्यथा 1971 के पहले पाकिस्तान के हुक्मरान अपने ही देश के इस पूर्वी इलाके के सहधर्मियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार करते थे. उनकी स्थिति दोयम दरजे के पाकिस्तानी नागरिकों जैसी थी. वे खुलकर खुद को पाकिस्तानी नहीं कह सकते थे. शेख मुजीबुर्रहमान ने इसी हालत के चलते विद्रोह किया था और भारत की मदद से उनका विद्रोह सफल रहा था.मोहम्मद यूनुस में राजनीतिक समझ का अभाव है। इस तरह वहां दो तरह के तत्व विकसित हुए. अधिकांश बंगाली मुसलमानों की मित्रता भारत के साथ रही और पाकिस्तान परस्त गैर बंगाली मुसलमानों के मन में भारत के प्रति शत्रुता का भाव रहा. भारत से शत्रुता इसलिए हिंदुओं से भी शत्रुता. बांग्लादेश में जब भी सत्ता शेख और उनकी हत्या के बाद में उनके परिवार के पास रही, वहां शांति रही. हिंदुओं के साथ कभी कोई हिंसा नहीं हुई. किंतु इस्लामिक अतिवादी तत्व वहां कोई कमजोर नहीं हैं. वे काफी उग्र हैं और अक्सर हिंसा करते रहते रहे हैं. परंतु 5 अगस्त से वहां हिंसा का निरंतर तांडव चल रहा है. स्वयं प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद को भागकर भारत आना पड़ा और सत्ता अतिवादी आंदोलनकारियों के पास चली गई, तब से हिंसा का दौर वहां चालू है. बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस उग्रवादियों को काबू नहीं कर पा रहे. यूं भी वे कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं. उनके पास सबको साथ लेकर चलने की क्षमता भी नहीं. वे एक तरह से NGO कार्यकर्ता जैसे हैं.इस वर्ष 5 अगस्त को बंगलादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद वहां हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों को मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन लगातार निशाना बना रहे हैं। वहां हिन्दुओं को सरकारी नौकरियों से त्यागपत्र देने को मजबूर करने के अलावा नौकरी से निकाला भी जा रहा है और ईशनिंदा के आरोप लगाकर उनके विरुद्ध केस बनाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दुओं से बंगलादेश के प्रति अपनी वफादारी साबित करने के लिए कहा जा रहा है और इसके लिए सभी मंदिरों पर भारत विरोधी बैनर लगाने की मांग भी की गई है।अभी तक वहां साम्प्रदायिक हिंसा की 2000 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें 1000 के लगभग हिन्दू मारे जा

चुके हैं। विश्वविख्यात धार्मिक संस्था 'इस्कॉन' के बंगलादेश स्थित 2 प्रमुख धार्मिक नेताओं को गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज करने के साथ-साथ 'इस्कॉन' के 17 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। इसी बीच वहां की अंतरिम सरकार की पाकिस्तान से नजदीकियां भी बढ़ने लगी हैं। 1971 में बंगलादेश बनने के बाद इस वर्ष नवम्बर, 2024 में पहली बार पाकिस्तान का एक मालवाहक जहाज कराची से चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा।

यही नहीं, अब तो पाकिस्तान विरोधी आंदोलन के जन्म स्थान ढाका यूनिवर्सिटी में पाकिस्तानी छात्रों को भी प्रवेश की अनुमति दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार ने भी बंगलादेश के नागरिकों के लिए वीजा प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान बना दी है। शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद पाकिस्तान और बंगलादेश की निकटता कई स्तरों पर बढ़ रही है। वहां तख्तापलट से खुश पाकिस्तान के एक कूटनयिक अब्दुल बासित के अनुसार, शेख हसीना का सत्ता से बाहर होना पाकिस्तान के लिए अच्छा मौका है। अब तो वहां इस्लामिक कानून की मांग तक उठने लगी है। बंगलादेश अपनी स्थापना के बाद 2011 में शेख हसीना की सरकार द्वारा अपनाए गए धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को भी तिलांजलि देने जा रहा है तथा अटार्नी जनरल मो. असदुज्जमां ने संविधान से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाने व शेख मुजीबुर्रहमान का राष्ट्रपिता का दर्जा समाप्त करने की मांग भी की है।अभी हाल ही में जहां छात्रों के दबाव में बंगलादेश के राष्ट्रपति भवन से शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटा दी गई है, वहीं उनकी मूर्ति को भी गिराने के अलावा अब बंगलादेश में करंसी नोटों से शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाने की तैयारी की जा रही है। बंगलादेश सेंट्रल बैंक 20, 100, 500 और 1000 टका (रुपए) के नए नोट छपवा रहा है जिनमें इसी वर्ष जुलाई के हिंसक प्रदर्शनों की तस्वीरें होंगी।

हालांकि बंगलादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सत्ता संभालते ही 90 दिनों के भीतर देश में चुनाव करवाने की बात कही थी परंतु अब उन्होंने कहा है कि हालात सामान्य होने के बाद ही चुनाव करवाए जाएंगे। बंगलादेश में हिन्दुओं की हत्याओं को भी उन्होंने प्रोपेगेंडा बताया है जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है वहां हिंसा की नवीनतम घटना में 3 दिसम्बर को सुमनगंज जिले में कट्टरपंथियों की भीड़ ने 100 से अधिक हिन्दुओं के मकानों में तोड़-फोड़ और लूटपाट की, पूजा स्थल तोड़ दिए और उसी दिन रात को वहां से 200 हिन्दू परिवार पलायन कर चले गए। इस बीच जहां बंगलादेश की अदालत ने शेख हसीना के किसी भी भाषण के प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है, वहीं विश्व भर में बंगलादेश के हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों पर हमलों की आलोचना की जा रही है। कुल मिलाकर बंगलादेश में हिन्दू समुदाय के लोगों पर हमले, हत्याएं, धार्मिक स्थानों पर तोड़-फोड़ तथा अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध अन्य हिंसक घटनाओं को लेकर विश्व समुदाय द्वारा गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है और बंगलादेश सरकार से यह हिंसा रोकने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा है।हालांकि भारत ने ही बंगलादेश को पाकिस्तान के चंगुल से आजादी दिलवाई परंतु तख्तापलट के कुछ ही महीनों के भीतर भारत के साथ उसके सम्बन्ध निचले स्तर पर आ गए हैं और बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने कोलकाता तथा अगरतला में स्थित अपने मिशन कार्यालयों के प्रमुखों को वापस बुला लिया है।जरूरत इस बात की है कि भारत सरकार हिन्दुओं की सुरक्षा पर गंभीरता से सख्त कदम उठाए बांग्लादेश को सबक सिखाने की जरूरत है।

एक नजर

सिकासार बांध के पानी को महासमुंद ले जाने का मुद्दा गरमाया

गरियाबंद,13 दिसंबर। महासमुंद जिले में सिकासार बांध का पानी ले जाने की योजना ने गरियाबंद जिले में राजनीतिक किसानो के साथ सामाजिक माहौल को गरमा दिया है। इस मुद्दे पर गरियाबंद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ला ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा भ.ज.पा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सीकाशेर के पानी को महासमुंद कोडार बान्ध में ले जाने की बात कही है इन स्थितियों के बीच अब राजिम वालों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा कैसे यह एक बहुत बड़ा सवाल है और इसे लेकर भविष्य में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

राजिम के पूर्व कांग्रेसी विधायक अमितेश शुक्ल ने कहासिकासार का पानी दूसरे जिले में पानी ले जाना मंजूर नहीं सिकासार बांध का निर्माण राजिम क्षेत्र के किसानों के हित के लिए किया गया था। इसे दूसरे जिले में ले जाना किसानों के साथ विश्वासघात है।बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना किसानों के खिलाफ एक खतरनाक साजिश है योजना लागू की गई, तो कांग्रेस इसे हर हाल में रोकने के लिए आंदोलन करेगी।÷ उन्होंने किसानों को इस लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया।....उन्होंने राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू से पूछते हुए कहा उन्हें किसानों की चिंता करनी चाहिए और इस योजना पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि ÷अगर यह योजना वापस नहीं ली गई, तो जमीन पर बड़ा आंदोलन होगा। जहां राजिम क्षेत्र के किसान इस योजना का विरोध कर रहे हैं, वहीं महासमुंद के लोग इसे क्षेत्रीय विकास के लिए लाभकारी मान रहे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार इस विवादित मुद्दे को कैसे हल करती है। शुक्ला ने कहा,हम किसानों के साथ खड़े हैं और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। इस बयान के बाद क्षेत्र में राजनीतिक माहौल और गरमा गया है।

नैमैड के कन्या आवासीय आश्रम में अध्यनरत छात्रा की मौत

बीजापुर, 13 दिसंबर। नैमैड.के कन्या आवासीय आश्रम मे अध्यनतर कक्षा 10 वी कि ।छात्रा विमला कवासी की आज गंभीर हालत को देखते उसे मेकाज रिफर किया गया था लेकिन छात्रा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा सिकल सेल बीमारी से पीडित थी तबीयत बिगड़ने पर उसे 28 नवम्बर को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था बाद मे उसकी सिथति मे कुछ सुधार होने से उसके परिजन छात्रा को लेकर घर चले गए घर जाने के बाद छात्रा की तबीयत फिर बिगडी परिजनों फिर उसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया लेकिन उसकी सिथति मे.सुधार नहीं होने से उसे गुरुवार को मेकाज रिफर किया गया था लेकिन मेकाज पहुंच ने से पहले ही छात्रा ने दम तोड दिया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पुजारी ने बताया कि छात्रा सिकल सेल बीमारी से पीडित थी उसके शरीर मे मात्र 3 ग्राम खून था जिससे उसकी मौत हुई है इस घटना मे किसकी लापरवाही है अभी यह कहना मुश्किल है मृतक छात्रा ग्राम दुपेली का रहने वाली थी।

यातायात पुलिस ने पुराने दोपहिया वाहनों की जांच

भिलाई, 13 दिसंबर। यातायात पुलिस ने सशक्त ऐप के माध्यम से अभियान चलाकर सुपेला क्षेत्र में सेकंड हैंड दोपहिया वाहन बेचने वाले ऑटो डीलर्स के यहां खड़े वाहनों की जांच की गई इस दौरान पुलिस ने वाहन डीलरो के दुकान के 100 से अधिक बाइक के वाहन इंजन नंबर, नंबर, चेसिस नंबर को चेक किया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ऋचा मिश्रा ने बताया कि सुपेला क्षेत्र के सभी वाहन डीलरों के प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। सुपेला क्षेत्र में सेकंड हैंड दोपहिया वाहन बेचने वाले ऑटो डीलर्स के यहां खड़े वाहनों की जांच की गई इस जांच के दौरान सशक्त ऐप का उपयोग कर यह सुनिश्चित किया गया कि कहीं वाहन चोरी के तो नहीं हैं। 100 से अधिक वाहनों को जांच सशक्त ऐप के माध्यम से की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी वाहन का संबंध चोरी की घटनाओं से न हो। यह अभियान वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और वैध व्यापार सुनिश्चित करने उद्देश्य के से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही, सुपेला क्षेत्र के वाहन डीलरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं ।

कल्पतरु कंपनी में मिला अवैध कटे सैकड़ों वृक्ष का विशाल भंडार

- कंपनी स्वयं के लाभ के लिए कीमती इमारती लकड़ी व फलों के वृक्षों की अन्धाधुंध कटाई करवा रही हैं
- कल्पतरु कंपनी इस लकड़ी का उपयोग किरंदुल स्थित मेस में रह रहे मजदूरों के लिए भोजन पकाने में कर रही हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बैलाडीला, 13 दिसंबर। प्राकृतिक वन सौंदर्य से भरपूर लौहनगरी बैलाडीला में वन विभाग के दावों व कार्रवाई के बावजूद जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई नहीं थम रहा है। अवैध कटाई पर काबू पाने में वन विभाग का मैदानी अमला व वन प्रबंधन समितियों के सदस्य नाकाम हैं अवैध कटाई के चलते जंगल में पेड़ कम हो रहे हैं। जिसका सीधा नुकसान पर्यावरण को हो रहा है। वहीं एक ओर वन विभाग लोगों को जंगलों की कटाई नहीं करने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। विभाग जहाँ लोगों को वन कटाई रोकने के लिए प्रेरित कर रहा है वहीं बैलाडीला एनएमडीसी के अधीन कार्य कर रही कलपतरु कंपनी किरंदुल 11 न वार्ड की अवैध कटाई कर रखी है लौहनगरी के कई वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में जंगल फैला हुआ हैं।दंतेवाड़ा जिला अपने स्वच्छ पर्यावरण और हरी भरी वादियों के लिए प्रसिद्ध है। पर यहां के जंगल में भी कलपतरु जैसे निजी कंपनिया निजी फायदे के लिए पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं। सूत्रों की माने तो मजदूर कालोनी व मेष निर्माण के पूर्व भी इस कंपनी के द्वारा सैकड़ो फलदार वृक्षों व बेस कीमती इमारती लकड़ियों का भी अवैध अंधाधुंन कटाई की गई है पर आज दिनांक तक किसी ने रोक नहीं लगाई इसलिए कल्पतरू कंपनी के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

बलराम रॉय - एडमीन किरंदुल कलपतरु प्रोजेक्ट से कटे हुए झाड़ो के परमीशन काजब पेपर दिखाने को कहा गया तो बलराम राय द्वारा गोल मोल जवाब देते हुए कहा पेपर कंपनी के किसी अन्य व्यक्ति के पास हैं जो यहाँ मौजूद नहीं हैं ।

वीरेंद्र नाग- डिप्टी रेंजर द्वारा फिलहाल मौके का पंचनामा बनाया गया हैं। जिसके पश्चात उचित कार्यवाही की बात कही गई है।

डिप्टी रेंजर से जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या इन कटे पेड़ो व लकड़ियों की जानकारी आपके वन विभाग को है तो उन्होंने बताया कि इसकी कटाई का या लकड़ीयो के भंडारण मेरे संज्ञान में नहीं हैं।

चोरी की बिजली से चल रहा खनिज विभाग का भांसी जांच नाका

- एनएमडीसी ने दी भवन निर्माण के लिए राशि, बिजली भी चोरी की
- जाँच नाका में बैठे हैं खनिज विभाग के अधिकारी ट्रकों से अवैध वसूली कर हो रहे मालामाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली,13 दिसंबर। वैसे तो बिजली विभाग के लिये बिजली चोरी की शिकायत एक आम सी बात हो गई हैं परंतू दंतेवाड़ा जिला से एक चौकाने वाली खबर सामने आ रहीं हैं। की अरबों रुपये के राजस्व वसूलने वाली खनीज विभाग का भांसी में स्थित जाँच नाका चोरी की बिजली से संचालित किया जा रहा हैं जी हाँ दंतेवाड़ा जिला के ग्राम पंचायत भांसी में स्थित खनिज नाका को अधिकारी व कर्मचारी वर्षों से चोरी की बिजली से रोशन करने में लगे हुए हैं जिसकी शिकायत 1 वर्ष पूर्व भी स्थानिय लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारी (जे आई गणेश कुमार ध्रुव) को किया गया था लेकिन बिजली विभाग द्वारा आज दिनांक तक भांसी खनीज जाँच नाका में बिजली की चोरी पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया जिससे खनिज विभाग को बिजली चोरी कर दफ्तर को रोशन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है इससे यह प्रतीत हो रहा है दोनों विभाग आपसी तालमेल कर चोरी की बिजली से दफ्तर को रोशन करने में लगे हुए हैं ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिजली चोरी कर अपने घर को रौशन करते हैं तो उन पर कई प्रकार के कार्यवाही कर दी जाती हैं और तो और उन पर तत्काल कार्यवाही किया जाता है लेकिन सरकारी दफ्तर चोरी के बिजली से रोशन होने पर कोई कार्रवाई नहीं होता है आपको बता दें की बिजली विभाग के एसडीओ शुक्ला जी को भी इसकी जानकारी पहले भी दी गई है लेकिन विभागीय अधिकारी किसी भी प्रकार के कार्रवाई करने पर रुची नहीं ले रहे इसके पश्चात खनिज विभाग के अधिकारी छबीलेश्वर मौर्य जी से मौखिक तौर से जानकारी ली गई थी की आपके विभाग में चोरी की बिजली से दफ्तर रोशन हो रहे हैं क्या आपके विभाग में बिजली के मीटर लगने के पैसे नहीं है जो चोरी की बिजली से दफ्तर रौशन कर रहें है परंतु अधिकारी मौन ही रहना उचीत समझें और कुछ भी कहने से इंकार कर दिए

लेकिन अब तक खनिज व बिजली दोंनो ही विभाग इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिख रहें है अब देखना यह है कि जिला प्रशासन द्वारा इन दोनों विभागों पर क्या कार्यवाही किया जाता है।

जिले के दिव्यांग सजल जैन का सिविल जज के लिए हुआ चयन

दंतेवाड़ा, 13 दिसंबर । समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा जिले के गीदम निवासी श्री सजल जैन लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी व्यवहार न्यायाधीश प्रवेश स्तर की परीक्षा में 46 वाँ रैंक में चयनित हुए है उल्लेखनीय है कि श्री सजल जैन अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। उन्होंने रामकृष्ण धरमार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय भोपाल से 2023 में विधि में स्नातक की उपाधि ली तथा वर्तमान में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी सीहोर में विधि स्नातकोत्तर में अध्ययनरत हैं। विगत दिवस 11 दिसंबर को लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी व्यवहार न्यायाधीश प्रवेश स्तर की परीक्षा में 46 वाँ रैंक के साथ चयनित होकर उन्होंने जिले का नाम रोशन किया है। उनके इस उपलब्धि पर समाज कल्याण विभाग दंतेवाड़ा द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की गई है।

मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की शिनाख्त हुई

बीजापुर, 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत मुनगा जंगल-पहाड़ में सुरक्षा बलो एवं माओवादियो के कंपनी नं. 02 के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की हुई शिनाख्तगीमुठभेड़ में मारे गए माओवादी की शिनाख्तगी गंगालूर एरिया कमेटी प्लाटून डिप्टी कमांडर पाण्डु माड़वी पिता आन्दो माड़वी निवासी ग्राम मुनगा नयापारा थाना गंगालूर के रूप में हुई है।घटनास्थल से सर्चिंग

उपरान्त 01 नग 09MM Pistol, 01 नग टिफिन बम, 01 नग कुकर बम, सहित विस्फोटक पदार्थ एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद ।मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य माओवादियों के मारे जाने अथवा घायल होने की प्रबल संभावना । अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के भूमिपूजन में क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उपस्थिति दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 13 दिसंबर। विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे गरियाबंद जिला के गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित राष्ट्र जागरण 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए आज भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन स्थल गांधी मैदान पर संपन्न किया गया।

भूमि पूजन का ऋषि परंपरा में यह महत्व बताया गया है कि इस भूमि पर पहले भी न जाने कौन-कौन से कृत्य किए गए हैं इन अच्छे बुरे कार्यों का जो दोष है उसे पूजन के माध्यम से परिमार्जित कर संस्कारित करने की क्रिया ही भूमि पूजन कार्यक्रम है जिसके माध्यम से भूमि को यज्ञीय कार्य के उपयुक्त बनाने के लिए उस पर देवीय गुणों का बीजारोपण किया गया। तत्पश्चात् वहां पर यज्ञ संबंधी अन्य कार्यों का शुभारंभ हो गया।इस कार्यक्रम में शांतिकुंज प्रतिनिधि के रूप में सुखदेव निर्मलकर जी छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू विधानसभा राजिम के विधायक रोहित साहू पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला एवं संतोष उपाध्याय गायत्री परिवार के उप जोन समन्वयक सी पी साहू तथा मनहरन लाल साहू गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष गप्फू मेमन जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू जी गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टीकम राम साहू संगठन समन्वयक रोमन लाल चंद्राकार गायत्री शक्तिपीठ गरियाबंद के प्रमुख केशव साहू शक्तिपीठ राजिम के ट्रस्टी विक्रम मेघवानी सहित वरिष्ठ प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ से विकासखंड फिंगेश्वर छुरा गरियाबंद मैनपुर देवभोग के हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।सर्वप्रथम जिला समन्वयक श्री टीकम राम साहू जी ने आयोजन के प्रयोजन विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

शांतिकुंज प्रतिनिधि के रूप में पधारे सुखदेव निर्मलकर ने कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य केवल हवन पूजन करना तक ही सीमित नही अपितु मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की अवधारणा को साकार करने के लिए हर व्यक्ति में चाहे वह किसी भी धर्म संप्रदाय या मत के मानने वाले हों, को सद्गुण अपनाना ही होगा गायत्री परिवार जाति लिंग भाषा संप्रदाय क्षेत्र आदि की अवधारणा से ऊपर उठकर कार्य करती है जिसमें सबके लिए सद्बुद्धि एवं सबके लिए सन्मार्ग के द्वार खुले हुए हैं। छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा ने कहा कि सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया के भाव को लेकर किये जा रहे इस यज्ञ में आहुति देने के लिए हर व्यक्ति को अपने-अपने पुरुषार्थ समय एवं अंश जरूर लगाना चाहिए। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने प्राचीन शिक्षा पद्धति एवं वर्तमान शिक्षा पद्धति में अंतर बताते हुए राजनीति में आध्यात्मिकता की उपयोगिता को विस्तार से समझा कर सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा की ।राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि उन्हें देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति आदरणीय चिन्मय पंड्या जी ने इस कार्यक्रम के लिए चार माह पहले ही आमंत्रण दे दिया है। तथा इस यज्ञ को केवल गरियाबंद का न होकर पूरे जिले का कार्यक्रम बताते हुए धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए गायत्री परिवार में सहयोग करने की बात कही। पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला ने कहा कि वह अपने पिताजी के समय से गायत्री परिवार के कार्यक्रम में आते जाते रहे हैं और उनका लगाव शांतिकुंज से भी है।इसी प्रकार से कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने संबोधन में इस यज्ञ को तन मन धन लगाकर सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गप्फू मेमन ने किया।संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम यादव शिक्षक ने किया।

जिले के प्रतिभागी संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में अपने जौहर दिखाने बीजापुर से रवाना

बीजापुर, 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी खेल बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन 13 से 15 दिसम्बर 2024 तक संभाग मुख्यालय जगदलपुर में किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन कर संभाग स्तर पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने के लिए 12 दिसम्बर 2024 को मिनी स्टेडियम बीजापुर से कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने झण्डी दिखाकर रवानगी किया। संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में कुल 09 खेल विधाओं जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक/बालिका, महिला/पुरूष के द्वारा बीजापुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगें।जिले से फुटबॉल-72, व्हॉलीबाल-49, खो-खो-49, कबड्डी-46, हॉकी-18, बैडमिंटन-16, तीरंदाजी-16, कराते-12 वेटलिफ्टिंग-12, एथलेटिक्स-48 एवं रस्साकसी में 12 कुल 350 खिलाड़ी सम्मिलित होगें। सभी खेल विधाओं के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट (जूता, ट्रेकशूट, जर्सी, नेकर) का वितरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री जागेश्वर कौशल के द्वारा किया गया। इस खेल आयोजन में सम्मिलित होने के लिए खिलाड़ियों में अत्यधिक उत्सुकता दिखाई दे रहा है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत एवं संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के नोडल अधिकारी श्री गीत कुमार सिन्हा, जिला परिवहन अधिकारी श्री किशनलाल मोहर एवं अन्य जिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

छात्रा की गुमशुदगी के मामले में एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन, 5 दिनों में कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी



रायपुर, 13 दिसंबर। रायपुर,रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा की गुमशुदगी और प्रशासनिक लापरवाही के मामले को लेकर आज एनएसयूआई ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। लगभग 5 दिनों से विश्वविद्यालय की एक छात्रा लापता है, और इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। लड़की के लापता होने के 3 दिन बाद, जब उसके पिता विश्वविद्यालय पहुंचे, तब प्रबंधन को इस घटना की जानकारी हुई। यह स्पष्ट करता है कि न प्रबंधन और न ही हॉस्टल वार्डन को छात्राओं की सुरक्षा की कोई परवाह है।इस दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने संबंधित हॉस्टल वार्डन और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह घटना विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करती है और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।एनएसयूआई ने कुलपति को चेतावनी दी है कि यदि 5 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो ह्स्ट्ढ एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।ह्स्ट्ढ ने इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन की जवाबदेही तय करने और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन ने स्पष्ट किया कि छात्राओं की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जब तक दोषी अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही नहीं होती लड़ाई जारी रहेगी।आज के कार्यक्रम में शान्तनु झा, निखिल बघेल, सूरज, भोजराज, तारिक, संस्कार, रजत, रघु, आकाश सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। कुलपति ने मामले की गंभीरता को समझते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बांग्लादेशी नागरिक होने की आशंका में 21 लोगों से पूछताछ

भिलाई, 13 दिसंबर। भिलाई बांग्लादेशी नागरिक होने की आशंका से पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र हथखोज की नई बस्ती में पुलिस की जोरदार धमक देखने को मिली पांच थानों की बल के साथ बस्ती में रहने वाले एक - एक नागरिक का वेरिफिकेशन किया गया इस दौरान किसी भी घर से कोई भी अवैध हथियार वगैरह नहीं मिल पाया है। वहीं 21 संदिग्धों को पूछताछ के लिए पुरानी भिलाई थाना लाया गया है की बस्ती में रहवासियों की पहचान के लिए आज सुबह 6ः30 बजे से वेरिफिकेशन प्रारंभ किया गया जो सुबह 9ः30 बजे तक जारी रहा इस संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए जाया गया है इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिलाई शहर सुखनंदन राठौर, भिलाई - चरोदा निगम कमिश्नर दर्शन सिंह राजपूत, तहसीलदार एवं पांच थाने जामुल, छावनी, खुर्सीपार, भिलाई-3 एवं कुम्हारी का पुलिस बल मौजूद रहा।

मुतवंडी में ग्रामीणों को 85 बटालियन के जवानों ने गरम कपड़े और साइकिल बांटे

बीजापुर, 13 दिसंबर । बीजापुर के थाना गंगालूर के अतिसवेंदनशील क्षेत्र में तैनात 85 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा अपने अतिसंवेदनशील परिचालनिक क्षेत्र ए0/जी0 समवाय, 85 वी0 वाहिनी मुतवंडी में दिनांक 12/12/2024 को श्री. सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की उपस्थिति/निर्देशन में, श्री अनीश सैनी सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक ईन्द्रमनी राय, एवं जवानों द्वारा मुतुवंडी के चिनपारा, पटेलपारा, नयापारा एवं सरपंचपारा के जरूरतमंद ग्रामीणों को सर्दियों के लिए कपड़े व साइकिल वितरण किया गया, साथ ही श्री. सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सभी ग्रामीणो को आष्वस्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में समय समय पर किया जाता रहेगा।

भैरमगढ़ जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम पद से हटाये गये

बीजापुर, 13 दिसंबर। भैरमगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष दशरथ कुंजाम को भर्ष्टाचार के मामले मे जांच उपरांत शिकायत सही पाये जाने पर जिला कलेक्टर ने पद से हटा दिया है साथ ही उन्हें छै वर्ष के लिए चुनाव लडने पर प्रतिबंध लगाया है भरस्ट्राचार की शिकायत भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह ने लगाए थे जिस पर ये कार्य वाही हुई है।

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर लाईवलीहूड कॉलेज में रंगोली से दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

बीजापुर, 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनांतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण लाईवलीहुड कॉलेज बीजापुर में कुल 60 हितग्राहियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें स्विंग मशीन ऑपरेटर एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स सम्मिलित हैं। सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷सुशासन पर कार्यक्रम÷ का आयोजन 11 दिसम्बर 2024 को लाईवलीहुड कॉलेज में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के साथ किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। रंगोली के माध्यम से सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, नियद-नेल्लानार योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, महातारी वंदन योजना, आवास योजना, नल-जल योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना एंव अन्य योजना के बारे में बताया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के प्राचार्य सम्मिलित होकर छात्रों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित कर निर्णायक का कार्य किया।

छत्तीसगढ़ शासन
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
जनादेश परब
पर प्रदेश की जनता का
कोटि-कोटि आभार...
13 दिसम्बर 2024
संवाद आर.ओ. 42415/79
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

पीएम स्व निधि योजना से शहरी गरीब परिवारों के लिए खुली आत्म निर्भरता की राह:मुख्यमंत्री

रायपुर, 13 दिसंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में स्ट्रीट वेंडर्स और महिला समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पीएम - स्वनिधि योजना ने स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है और डे - एनयूएलएम योजना ने महिलाओं को उद्यमशीलता की राह में आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को

संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निकायों, बैंकों, लाभार्थियों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को समारोह में सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वन मंत्री एवं रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री मोतीलाल साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारे स्ट्रीट वेंडर्स बहुत सस्ते में और गुणवत्ता के साथ हमारे स्ट्रीट वेंडर्स ग्राहकों को सामान उपलब्ध कराते हैं। पहले इन लोगों की सहायता के लिए किसी तरह की योजना नहीं थी। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने संवेदनशीलता के साथ स्ट्रीट वेंडर्स की दिक्कतों को न केवल समझा बल्कि उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना प्रारंभ की। इस योजना की शर्तें बेहद आसान रखी। कोई जमानतदार नहीं, मासिक किश्तों में ऋण चुकाने की सुविधा और ब्याज सब्सिडी के लाभ के चलते लाखों स्ट्रीट वेंडर्स के लिए अब अपने सपनों को पूरा करने की राह खुल गई। हमारी सरकार आपको हर संभव मदद प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ ही महिला स्वसहायता समूहों को विभिन्न छोटे - छोटे व्यवसायों के लिए कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध करके उन्हें सशक्त करने का सराहनीय कार्य एनयूएलएम योजना में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मामूली ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करा कर लाखों महिलाओं को उद्यमशीलता की राह में आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शहरी बेघरों के लिए चलाए जा रहे आश्रयस्थल की लगातार मानिटरिंग की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ और चार नगरीय निकायों को स्पार्क अवार्ड 2023-24 से सम्मानित किया है।

एक नजर

प्राथमित शाला जोरातराई में विकास कार्यों का भूमिपूजन

भखारा 13 दिसंबर। जनपद सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू के प्रयास से प्राथमिक शाला जोरातराई (अं) में शौचालय,छत एवं किचन मरम्मत के लिए 76 हजार रुपये की राशि स्वीकृति कराकर गुरुवार को जप सभापति के करकमलो से भूमिपूजन कर कार्य प्रारम्भ किया गया इस अवसर पर जप सभापति परमेश्वरी साहू ने कहा कि हमेशा से विकास को सर्वोपरि मानकर कार्य कराते है विकास छोटा हो या बड़ा ये मायने नहीं रखता जनसमुदाय के सहूलियत के लिए हमेशा तत्पर रहते है उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान पाठक,प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त स्टॉफ व जितेंद्र तारक,दामन पाल,राजेंद्र साहू उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोलियारी आगमन 14 को

भखारा 13 दिसंबर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्रामीण कांग्रेस कमेटी कोलियारी के द्वारा स्थापित की जा रही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के मूर्तिअनावरण कार्यक्रम में 14 दिसंबर शनिवार को गाँधी चौक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के मूर्ति का अनावरण करेंगे इस कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना,सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम,धमतरी विधायक ओंकार साहू,पूर्व विधायक धमतरी गुरूमुख सिंह होरा,पूर्व विधायक कुरुद लेखराम साहू,विनोद तिवारी संगठन प्रभारी,पूर्व विधायक प्रत्याशी तारिणि चंद्राकर,पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर,जिप सदस्य गोविन्द साहू,जप कुरुद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू,पूर्व जिप सदस्य लक्ष्मीकांता साहू,जप सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू,पूर्व नप अध्यक्ष भरत नाहर,नप अध्यक्ष कुरुद तपन चंद्राकर,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू साहू,प्रभारी महामंत्री होमेन्द्र साहू शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी बिसौहा साहू,रामरतन साहू, डोमार साहू,गैंदलाल, मुकेश साहू,कुलेश्वर साहू जुटे हुए है।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए सरगर्मी शुरू

भाटापारा 13 दिसंबर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए सरगर्मी प्रारंभ हो गई है जिसके तहत नगरपालिका क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है पालिका क्षेत्र के अंतर्गत 31 वार्डो के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन मे 56 हजार 620 मतदाता है जिसमे 26 हजार महिलाएं व 24 हजार पुरूष व तृतीय लिंग के 11 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें अध्यक्ष पद के लिए सीधे चुनाव मे महिलाएं निर्णायक भूमिका अदा करेंगी।

विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण में सम्मिलित हुई विधायक हर्षिता स्वामी बघेल

डोंगरगढ़/ टेकापार 13 दिसंबर। ग्राम पंचायत टेकापार में शास,प्राथ,शाला भवन,रंग मंच एवं सामुदायिक भवन मुड़पार का लोकार्पण का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा विधिवत पूजन कर रिफन फीता काटकर लोकार्पण कार्यक्रम की सम्पूर्ण कर गर्भवती महिलाओं के गोदभराई का कार्यक्रम कर बच्चों की अनप्रासन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम के उपरान्त विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस लोकार्पण कार्यक्रम की आप सभी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं और ग्रामीण को हार्दिक बधाई व शुभकामनाए दी और कहा कि अब इस नए भवन की तरह आपको भी अपनी पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए अपने स्कूल और अपने ग्राम को एक नई दिशा देने है साथ ही अपने गुरुजन पालक गण और अपने गाँव का नाम रोशन करना है। मैं आपके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी संबोधन समाप्त की। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित भुनेश्वर बघेल पूर्व विधायक डोंगरगढ़ ,विप्लव साहू जिला पंचायत सभापति,वंदना वर्मा जनपद सदस्य,आरती जवाहर वर्मा सरपँच,आरती रिंकू महोबिया जी,उमा वर्मा जी,भीखम सिन्हा,गौतम चंद जैन,रामप्रसाद सोरी जी,जितेंद्र नागदेव, प्रधान पाठक,रामप्रकाश कंवर जी, तिलक वर्मा,कुम्भलाल सिन्हा जी,चंद्रेश यदु जी,एवं समस्त पंच गण कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

दपूम रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन ने लहराया जीत का परचम

■ बिलासपुर जोंन स्तरीय यूनियन चुनाव संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 13 दिसंबर। जोन स्तरीय चुनाव में द.पू.म. रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन की जीत के साथ ही सत्ता पर काबिज रहेगी. इस जीत के बाद डोंगरगढ़द.पू.म. रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन ने खुशी जाहिर करते हुए बाइक रैली निकाल रेलवे आफिस होते हुए इंदिरा नगर, रेलवे कालोनी होते हुए रेलवे चौक में फटाका फोड़ आतिशबाजी करते हुए रेलवे मजदुर यूनियन कार्यालय में यूनियन के सभी सदस्यों को अबीर गुलाल लगा मिठाई बाँट जश्न मनाया गया. मिली जानकारी अनुसार जोंन स्तरीय चुनाव में कुल 6 यूनियन संघ ने चुनाव में हिस्सा लिया था और पुरे बिलासपुर जोन में 39034 मत पड़े जिसमें द.पू.म. रेलवे

मजदूर कांग्रेस यूनियन को सबसे ज्यादा 11092 मत मिले वहीं अखण्ड भारत यूनियन संघ को 10819 मत मिले वहीं डीपीएमआरएस को 5534 मत, द.पू.म. रेलवे श्रमिक यूनियन को 8609 मत व एसआरबीकेयू को 2337 मत प्राप्त हुए वहीं 262 अमान्य मत निरस्त हुए. इस प्रकार पुरे चुनाव में सबसे अधिक द.पू.म. रेलवे मजदूर यूनियन संघ के पक्ष में 28.4 प्रतिशत मतदान के साथ चुनाव में बाजी मारते हुए सत्ता में काबिज हुई. इस अवसर पर बिलासपुर जोन में यूनियन की जीत पर रेलवे मजदुर यूनियन संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनिल पोद्दार ने खुशी जाहिर करते कहा कि यह जीत न केवल रेलवे मजदूरों के लिए बल्कि पूरे डोंगरगढ़ शहर के लिए गर्व की बात है ! यह जीत हमारे संघर्ष और एकता की जीत है। हमें उम्मीद है कि यह जीत रेलवे मजदूरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।÷ इस जीत के साथ, रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन डोंगरगढ़ को मजबूती मिलेगी और वे रेलवे मजदूरों के हितों की रक्षा करने में और अधिक प्रभावी ढंग से काम कर पाएंगे। इस अवसर पर द.पू.म.रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों ने यूनियन के महामंत्री पिताम्बर लक्ष्मीनारायण जी को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई. इस अवसर पर डोंगरगढ़ के रेलवे लोको पायलटों के साथ रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

धान कटाई के बाद बढ़ोना की अनूठी परंपरा

भखारा 13 दिसंबर। अंवरी अंचल में किसान बढ़ोना की परम्परा का निर्वहन आज भी कर रहें है। किसान आज भी अपने धान की फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न माता की पूजा अर्चना करते है। ग्राम अंवरी निवासी किसान थानेश्वर साहू ने बताया कि फसल के अच्छे उत्पादन के लिए किसान अपने धान की कटाई को पूरा कर लेने के बाद खेत के एक कोने में धान के फसल के एक छोटे से हिस्से को बचा लेते है और वहाँ पर धान काटने का औजारों को भी रखा जाता है उसके बाद पुरे विधि-विधान से अन्न माता एवं कृषि औजारों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस पूजा अर्चना में विशेष रूप से मुर्रा,मिच्चर एवं नारियल का प्रसाद ही वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी थानेश्वर साहू,ईश्वर साहू,नीरज साहू,डागेश्वर साहू,चेतना साहू आदि किसानों ने भी फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न की पूजा किये।

साय सरकार को जनादेश पर्व की कोटि कोटि बधाई: हारुन मानिकपुरी

छूरिया 13 दिसंबर। श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय, मंत्री मंडल के सभी मंत्रियों एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के निर्वाचित सभी विधायकों को जनादेश पर्व की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं प्रेषित किया है। प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने उम्मीद जताया है कि छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय सरकार में अनियमित कर्मचारियों को कमेटी में सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि कमेटी में सदस्य बनाने के पश्चात ही अनियमित कर्मचारी अपनी मांगों को कमेटी के माध्यम से सरकार तक अपनी बात रख सकते हैं। जिसमें मोदी की गारंटी में,श्रम आयुक्त दर वाले 21 अलग - अलग प्रकार के कर्मचारियों से चर्चा करने में ही कम से कम 2 वर्ष लगेंगे, उसके बाद निर्णय लेने, समाधान ढूंढने, समझने,समझाने में कम से कम 1वर्ष लगेगा। उसके बाद ही उपयुक्त समाधान निकलेगा। श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने तीन हजार श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारियों की मांग रखते हुए कहा कि श्रम आयुक्त दर, बिना नियुक्ति पत्र वालों की अनुरोध को अन्यथा न लीजिएगा।

अग्रसेन महाविद्यालय में डिजिटल अरेस्ट जागरूकता पर सेमीनार आयोजित

रायपुर 13 दिसंबर। डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाएं आज चिंता का विषय बन गई है। इसकी चपेट में उच्च शिक्षित लोग भी आ रहे हैं। इसी विषय पर जागरूकता लाने राजधानी के अग्रसेन महाविद्यालय में डिजिटल अरेस्ट जागरूकता और बचाव विषय पर एक इंटरेक्टिव सेमीनार का आयोजित की गई। इस सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गीतेश अमरोहित ने डिजिटल अरेस्ट विषय पर छात्र-छात्राओं से चर्चा की। डॉ. अमरोहित ने सबसे पहले डिजिटल शब्द की उत्पत्ति बताते हुए कहा कि यह शब्द भले ही आज चर्चा में है, पर इसकी उत्पत्ति 14वीं शताब्दी में हुई थी। यह लैटिन शब्द है और इसका उपयोग अंगुलियों के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भी मेडिकल साइंस में डिजिटलिस शब्द का उपयोग अंगुलियों के लिए होता है। वहीं से उत्पत्ति वाला यह शब्द अंगूठा और अंगुलियों के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

सेमीनार को संबोधित करते हुए डॉ. अमरोहित ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी

कोई प्रक्रिया पुलिस में नहीं होती। जरूरत पड़ने पर पुलिस गिरफतार करती है या थाने पर बुलाती है। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए साइबर हाइजीन पर जोर देना होगा। दूसरी ओर साइबर साक्षरता, साइबर सिक्यूरिटी, प्रोटोकॉल, डू एंड डोंट को भी हमें फॉलो करना होगा।

सेमीनार के अंत में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने रोचक सवाल पूछे। एक छात्रा मेधा सिंह ने पूछा कि क्या कारण है कि पढ़े-लिखे लोग ही डिजिटल अरेस्ट के अधिक शिकार हुए हैं। डॉ. अमरोहित ने बताया कि अपराधी सामान्यतः उन लोगों को शिकार बनाते हैं, जिनके अकाउंट में रकम ज्यादा होती है। जिन्हें सामाजिक कलंक का डर होता है। वे बड़ी आसानी से धीरे-धीरे पीड़ित का ब्रेनवॉश करते चले जाते हैं। एक बार चंगुल में फंसने पर पीड़ित आसानी से बाहर नहीं आ पाता।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने अपने मोबाइल का फलैश लाइट जलाकर साइबर जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम में अग्रसेन महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर साइबर जागरूकता संबंधित एक पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

योगेश भाजपा शहर मण्डल व पवन ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष बनाये गये

भाटापारा 13 दिसंबर। भाजपा नेता ,पूर्व पार्षद योगेश अनंत भाजपा मण्डल शहर के अध्यक्ष व भाजपा मण्डल ग्रामीण के अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य पवन वर्मा बनाये गये है मिलनसार, जुझारू और संघर्षशील छवि के योगेश व पवन ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया है , अध्यक्ष द्वय योगेश व पवन ने पार्टी के सभी वरिष्ठ जनो व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए जो महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगें,वही भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा जी के मार्गदर्शन मे पार्टी को मजबूत करने की दिशा मे काम करेंगें।शहर मण्डल अध्यक्ष योगेश अनंत पूर्व मे पार्षद रहते हुए व वर्तमान मे वे काफी सक्रिय रह वार्डवासियों व शहर वासियों के काम मे जुटे रहते है वहीं पार्टी के हर कार्यक्रम मे उनकी भागीदारी व सक्रियता का लाभ निश्चित रुप से मिलेगा।

प्रशांत पांडे युवा फुटबॉलर को चोट के बाद मिला नया जीवन

रायपुर 13 दिसंबर। बीते एक दशक से देश में फुटबॉल के फैंस की गिनती लगातार बढ़ती ही जा रही है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसी लीग्स इस खेल में करियर को लेके काफी बड़े सपने देखने वाले यंग टैलेंट्स को एक अच्छा प्लेटफॉर्म देती हैं। छत्तीसगढ़ के ऐसे ही एक यंग टैलेंट हैं, 16 साल के प्रशांत पांडे, जो एक राज्यस्तरीय फुटबॉल प्लेयर हैं। लेकिन दाएं घुटने में लगी चोट के कारण एक फुटबॉलर के रूप में खुद को स्थापित करने का उनका सापना बिखर गया था। डायग्नोसिस में पता चला कि उन्हें एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) और मेनिस्कस टियर है। किसी फुटबॉलर के लिए घुटनों की मज़बूती बहुत ज़रूरी होती है, लेकिन दुर्भाग्य से प्रशांत का दायां घुटना बुरी तरह चोटिल हो गया था।

16 दिसम्बर को सिविल अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 13 दिसंबर। सिविल अस्पताल भाटापारा में 16/12/2024 को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेष स्वास्थ्य परिक्षण एवं जॉच किया जायेगा बीएमओ डा.राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया शिविर मे मधुमेह, उच्चरक्तचाप, कैंसर, क्रॉनिक किडनी डिजीज, स्ट्रोक, नॉन एल्कोहालिक फैटी लिवर डिज़ीज सिकलिंग जॉच इत्यादि गैर संचारी रोगों का

स्क्रीनिंग एवं ईलाज किया जायेगा । वहीं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। जहां इच्छुक रक्त दाता आकर रक्तदान कर सकते है। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का मुख परीक्षण एवं उपचार किया जायेगा । बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत आवश्यकता वाले हितग्राहियों को वॉकर, छड़ी प्रदान किया जायेगा । मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं (चिंता, चिडचिडापन, उदासी, तनाव) स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जायेगा । इस शिविर में विशेष रूप से नशामुक्ति की काउंसिलिंग तम्बाकू एवं नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मोतियाबिदं जॉच, आयुष्मान कार्ड, टी.बी. की जॉच (एक्स-रे) व उपचार किया जायेगा । सिविल अस्पताल मे एमरजेंसी नम्बर 8982603128 जारी किया गया है।

छुरिया भाजपा का मंडल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न

छुरिया 13 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया मे जिला भाजपा के निर्देशन पर मंडल अध्यक्ष पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे,जिसमे आठ दावेदारों ने अपना दावेदारी प्रस्तुत किए,राष्ट्रीय संगठन द्वारा मंडल अध्यक्ष पद हेतु 35 वर्ष से अधिक व 45 वर्ष से कम आयु वर्ग के पदाधिकारियों जो सक्रिय सदस्य हो उन्हें इस पद के लिए योग्यता तय किया गया था । सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला भाजपा संगठन द्वारा मूलचंद लोधी को चुनाव प्रभारी व संजय कुमार सिन्हा को चुनाव सहप्रभारी नियुक्त किया गया था । इस चुनाव में मुख्य रूप से रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिलाभाजपा,चंद्रिका प्रसाद डडसेना उपाध्यक्ष,सुरेंदर सिंह भाटिया,श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,सीमा सिन्हा अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया,अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा छूरिया,राधेश्याम शर्मा,जगजीत सिंह भाटिया,राजेश्वर ध्रुवे,शेखर भरतद्वाज, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। चुनाव प्रभारी श्री लोधी ने बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं से एक एक कर कार्यकर्ताओं से चर्चा किए,इस चुनाव में आठ दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत किए थे जिसमें कांता प्रसाद साहू,कुंदन बडोले,हितेश गुप्ता,खिलेंद्र साहू,मनोज साहू,श्यामसुंदर साहू,धनेश्वर कोर्राम,टीकम साहू ये प्रमुख दावेदार रहे । इसके उपरांत जिला भाजपा से तय कोर कमेटी के सदस्यों ने आपसी रायशुमारी कर प्रस्ताव पारित किया गया,प्रस्ताव की कापी को चुनाव प्रभारी ने बंद लिफाफे में जिला भाजपा को प्रेषित किया गया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र./202412103000019
अ-27 / वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **आवेदिकागण:- सरस्वती बाई गायकवाड़ पति स्व. गैन्दलाल वगैरह विरूद्ध मनोज कुमार पिता स्व. गैन्दलाल** जाति- सतनामी पता- ग्राम करगाडीह आवेदकगण एवं अनावेदक के नाम पर शामिलात खाते में मौजा करगाडीह प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 123/1 रकबा 0.92 हे. भूमि दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि का आवेदकगण 5 बराबर-बराबर हिस्से में खाता विभाजन करना चाहती है। खातेदारों के मध्य खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/12/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202412092300009
अ/6(अ)-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरोत्तम पिता कंगलू जाति महार निवासी ग्राम बसंतपुर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम बसंतपुर पटवारी हल्का नं. 11 रा.नि.म. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 50, 195, 296, 307, 329/1, 362 रकबा 0.482, 0.205. 0.186, 0.049, 0.101, 0.142 कुल खसरा 06 कुल रकबा 1.166 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में थानू पिता जीतराम के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि मैनुअल रिकार्ड एवं ऋण पुस्तिका वर्ष 2013-14 में थानू पिता जीतराम एवं नरोत्तम पिता कंगलू के नाम पर दर्ज है। किन्तु मेरे द्वारा वर्तमान बी-1 निकाला गया तो में थानू पिता जीतराम के नाम पर दर्ज बता रहा है। उक्त भूमि का पंच बंटवारा दोनों भाई के मध्य 20-25 वर्ष हो चुका है। जिसके अनुसार 1.44 एकड़ एवं 1.44 एकड़ दोनों भाई को प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार अपने-अपने भूमि पर कास्त काबिज है। उक्त भूमि पर वर्ष 2013-14 के अनुसार मेरा नाम दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र आधार कार्ड, बी-1, वर्ष 2013-14 का बी-1, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 23.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, FaX No. 07868-224040

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सप्लाई/सड़क कार्य हेतु दिनांक **24.12.2024** समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	एन.आई. टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	110	162633	उप-संभाग केशकाल के अंतर्गत विभिन्न आकार के गिट्टी (crushed stone) & dust का सप्लाई (आपूर्ति) का कार्य।	10.00 लाख
02	111	162634	उप-संभाग क्र. 01 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न आकार के गिट्टी, मुरूम एवं रेत सप्लाई (आपूर्ति) का कार्य।	10.00 लाख
03	112	162635	उप-संभाग क्र. 02 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न पुल पुलिया में कि.मी. स्टोन, पेंटिंग, फिंगरिंग एवं नंबरिंग कार्य तथा विभिन्न मार्गो में पेंटिंग, फिगरिंग एवं साईन बोर्ड कार्य।	10.00 लाख
04	113	162636	पखांजूर अनुविभाग के विभिन्न मार्गो पर 5th कि.मी. स्टोन, 0.20 कि.मी. स्टोन सांकेतिक बोर्ड कार्य।	9.77 लाख
05	114	162638	उपसंभाग क्र. 01 नारायणपुर अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य।	10.00 लाख
06	115	162639	उपसंभाग नरहरपुर अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य।	10.00 लाख
07	116	162640	उपसंभाग चारामा अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य।	10.00 लाख
08	117	162712	उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत 01 नग मुख्य जिला मार्ग एवं 04 नग ग्रामीण मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य ।	79.93 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय बेवसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 24.12.2024 है।

ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्र.08 के लिए)

नोट:- द्वितीय आमंत्रण (स.क्र. 01 से 07) एवं चतुर्थ आमंत्रण (स.क्र. 08)

टीप:-1. निविदा क्र. 162638, 162639 एवं 162640 कार्य हेतु संबंधित कार्यक्षेत्र के नगर पंचायत/पालिका का वैध गुमास्ता प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं नगर पंचायत/पालिका की परिधि में दुकान / फर्म का होना अनिवार्य है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी- 242504507/5

न्यायालय - श्रीमती अंकिता अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क श्रेणी भाटापारा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)

प्रोसेस क्रमांक 473/24
व्यवहार वाद क्रमांक 1 B/2020
पेशी दिनांक-19.12.2024
पक्षकार:-कार्पोरेशन बैंक
विरुद्ध
मे वासू ट्रेडिंग कंपनी वगैरह
प्रति,

मेसर्स वासु ट्रेडिंग कंपनी प्रो किशोर अग्रवाल वल्द भगवान दास अग्रवाल, ग्राम खोलवा रोड कालेज के पास भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

आम सूचना

वादी कार्पोरेशन बैंकनिगमित निकाय ने मेसर्स वासु ट्रेडिंग कंपनी प्रो किशोर अग्रवाल वल्द भगवान दास अग्रवाल, ग्राम खोलवा रोड कालेज के पास भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के विरूद्ध दावा वास्ते वाद संस्थित किया है। आप मेसर्स वासु ट्रेडिंग कंपनी प्रो किशोर अग्रवाल वल्द भगवान दास अग्रवाल, ग्राम खोलवा रोड कालेज के पास भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को इस न्यायालय में नियत दिनांक 19.12.2024 को 11:00 बजे दिन के दावे के उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये समन किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो, और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें, आपको निर्देश दिया जा रहा है कि आप इस दिन सब दसतावेजों को जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिस पर आपके प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो, विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी पेशी तारीख 19.12.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद दावे के सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

अतः इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 26.11.2024 को न्यायालय की सील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

टीप:- यदि किसी कारण वश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

दिनांक-26.11.2024
स्थान - भाटापारा

(श्रीमती अंकिता अग्रवाल)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क श्रेणी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)

मुहर

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26